राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 229
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
सोमवार 14 जूलाई 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट
पेज 3 बिल्डर के प्रबंधन के खिलाफ लोगों ने सड़क पर किया प्रदर्शन
पेज 4 अयोध्या में प्रेमिका की हत्या कर सुसाइड किया
पेज 6 अभी रिटायरमेंट लेने का कोई इरादा नहीं : नोवाक जोकोविच

## संक्षिप्त खबरें

### पटियाला में रिटायर्ड टीचर से 74 लाख ठगे

**पटियाला।** पटियाला के राजपुरा से एक चौंकाने वाला साइबर फ्रॉड का मामला सामने आया है। यहां 65 वर्षीय रिटायर्ड शिक्षिका गुरशरण कौर से ठगों ने खुद को सीबीआई, ईडी और सुप्रीम कोर्ट का अधिकारी बताकर 74 लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने की धमकी दी और एक महीने तक डिजिटल हाउस अरेस्ट में रखा। गुरशरण कौर ने बताया कि उनके पति गुरदीप सिंह अनाज मंडी में आढ़ती हैं। उन्हें चार अलग-अलग मोबाइल नंबरों से कॉल और वॉट्सऐप मैसेज आए। कॉल करने वालों ने फर्जी दस्तावेज भी भेजे जिन पर सुप्रीम कोर्ट, सीबीआई और ईडी की मुहर और लेटरहेड थे।

### अमरनाथ यात्रा-कुलगाम में काफिले की 3 बसें टकराईं, 10 घायल

**पहलगाम।** अमरनाथ यात्रियों के काफिले की 3 बसों की रविवार को कुलगाम में आपस में टक्कर हो गई। हादसे में 10 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। अधिकार ने बताया कि बालटाल की ओर जा रहे काफिले की तीन बसों की ताचलू क्रॉसिंग के पास एक्सीडेंट हुआ है। इधर, अमरनाथ यात्रा के 10वें दिन 19,020 श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में हिम शिवलिंग के दर्शन किए। अब तक 1.83 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन कर चुके हैं। पवित्र अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई को शुरू हुई थी। यह 9 अगस्त तक चलेगी।



## हैप्पी मॉर्निंग

एक आदमी संडे को डॉक्टर के पास गया। आदमी: डॉक्टर साहब मेरी पत्नी मुझे कुछ समझती ही नहीं है हर समय चिड़-चिड़ करती रहती है, मेरा जरा भी नहीं सुनती क्या आप उसे शांत कर सकते हैं? डॉक्टर : अबे यह सब इतना आसान होता तो क्या मैं संडे को क्लिनिक खोलकर बैठता....



## शायरी

सब कहाँ कुछ लाला-ओ-गुल
में नुमायाँ हो गईं
ख़ाक में क्या सूरतें होंगी कि
पिन्हाँ हो गईं

## अर्थसार



सेंसेक्स:
82,500.47
-689.81 (0.83%)
निफ्टी:
25,149.85
-205.40

## मौसम



अधिकतम : 32 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से0
सूर्योदय मंगलवार : 5 : 34
सूर्यास्त सोमवार : 7 : 26

### विरोध मार्च



जम्मू में नायब तहसीलदार भर्ती परीक्षा में उर्दू को अनिवार्य विषय बनाने के जम्मू-कश्मीर सरकार के फैसले के खिलाफ विरोध मार्च के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य पुलिस कर्मियों के साथ हाथापाई करते हुए।

## जेलों में लगातार बढ़ रहा कट्टरपंथ बना गंभीर चुनौती

नई दिल्ली। गृह मंत्रालय ने जेलों में बढ़ते कट्टरपंथ को एक गंभीर चुनौती माना है और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने तथा आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने को तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर विभिन्न कदमों की सूची जारी की है, जिसमें कैदियों की स्क्रीनिंग, समय-समय पर जोखिम मूल्यांकन और उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों को अधिक निगरानी के साथ अलग रखना शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि जेलों में कट्टरपंथीकरण खतरनाक हो सकता है, क्योंकि जेलें बंद स्थान होती हैं जहां सामाजिक अलगाव, समूह गतिशीलता और निगरानी की कमी चरम दृष्टिकोणों को बढ़ावा दे सकती है।

# देश में कई जगह बाढ़

- राजस्थान के अजमेर स्टेशन में पानी भरा
- यूपीके झांसी में 17 बच्चों का रेस्क्यू
- वाराणसी में गंगा उफान पर; एमपी के कई गांवों में बाढ़



**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ।** राजस्थान में के भीलवाड़ा में दो चचेरे भाई नाले में डूब गए। कोटा, बूंदी, झालावाड़, टोंक, भीलवाड़ा, अजमेर, जोधपुर, बांसवाड़ा में तेज कई नदियां उफान पर हैं। अजमेर रेलवे स्टेशन में पानी भर गया। झारखंड के सरायकेला-खरसावां और लोहरदगा जिलों में बिजली गिरने से 2 लोगों की मौत हुई है।

मानसून की बारिश के कारण मध्य प्रदेश के 7 जिले रीवा, सतना, मैहर, शिवपुरी, खजुराहो और छतरपुर बहुत प्रभावित हैं। सैकड़ों लोगों को रेस्क्यू किया गया है। छतरपुर में धसान नदी में पिकअप वाहन बह गया। दो लोगों को वाहन का शीशा तोड़कर बाहर निकला, एक की मौके पर ही मौत हो गई।

यूपी के ज्यादातर जिलों में तेज बारिश जारी है। ललितपुर में माताटीला बांध के 20, गोविंद सागर बांध के 17 गेट खोले गए। वाराणसी में तेज बारिश के कारण गंगा नदी हर घंटे 2 सेंटीमीटर बढ़ रही है। घाट किनारे के कई मंदिर पानी में डूबे हैं।

वाराणसी में मणिकर्णिका घाट पूरी तरह डूबा है, जिसकी वजह से अंतिम संस्कार छत पर किया जा रहा है। राज्य में पिछले 24 घंटे की बात करें तो बारिश-बिजली गिरने से 14 लोगों की मौत हुई ।

### आज कैसा रहेगा मौसम

मौसम विभाग ने सोमवार को मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और उत्तराखंड में तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी है। 21 राज्यों में तेज बारिश का यलो अलर्ट जारी है। एमपी-यूपी में बिजली गिरने का अलर्ट है। उत्तराखंड में बिजली गिरने के साथ-साथ अचानक बाढ़ आने और लैंडस्लाइड का भी अलर्ट है।

# इटली के जैनिक सिनर ने जीता विम्बलडन



### पिछले 2 टाइटल जीतने वाले अल्काराज को हराया

**लंदन।** वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर ने विम्बलडन के मेंस सिंगल्स का खिताब जीत लिया है। सिनर ने पहली बार यह टाइटल जीता है। वे विम्बलडन चैंपियनशिप का मेंस सिंगल्स टाइटल जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बने हैं।

लंदन के ऑल इंग्लैंड क्लब के सेंटर कोर्ट में इटली के सिनर ने रविवार रात को 3 घंटे 4 मिनट चले मुकाबले में स्पेन के कार्लोस अल्काराज को 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराया।

इस जीत के साथ सिनर ने अल्काराज से 5 हफ्ते पुराना हिसाब भी चुकता कर लिया है। 8 जून 2025 को अल्काराज ने सिनर को हराकर फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था।

### सिनर जीत की खास बातें

सिनर ने पहली बार विम्बलडन ट्रॉफी जीती है। वे विम्बलडन चैंपियनशिप के मेंस सिंगल्स टाइटल जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी हैं।

सिनर ने चौथा ग्रैंड स्लैम टाइटल जीता है। वे ऑस्ट्रेलिया ओपन में 2 (2024, 2025) और यूएस ओपन में एक (2024) बार चैंपियन बन चुके हैं।

# दिल्ली यूनिवर्सिटी की स्टूडेंट का शव यमुना नदी में मिला

### त्रिपुरा की स्नेहा 6 दिन से लापता थी; मां को आखिरी फोन किया था

दिल्ली। दिल्ली यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले 19 साल की स्नेहा देबनाथ का शव रविवार शाम को यमुना नदी से बरामद हुआ। स्नेहा मूलरूप से त्रिपुरा के सबरूम की रहने वाली थी और साउथ दिल्ली के महरौली स्थित पर्यावरण कॉम्प्लेक्स इलाके में रहती थी।

वह 7 जुलाई की सुबह से लापता थी। रविवार शाम गीता कॉलोनी फ्लाईओवर के नीचे नदी में स्नेहा का शव मिला। स्नेहा के परिवार ने उसके शव की पहचान की है। शव को



पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। इस मामले में महरौली थाने में केस दर्ज किया गया है।

साउथ दिल्ली के डीसीपी अंकित चौहान के मुताबिक, स्नेहा दिल्ली यूनिवर्सिटी के आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज में बी.एससी की स्टूडेंट थी। एक फैमिली फ्रेंड ने न्यूज एजेंसी को बताया कि स्नेहा ने आखिरी बार 7 जुलाई की सुबह 5.56 बजे अपनी मां को फोन किया था।

स्नेहा ने बताया था कि वह अपनी एक दोस्त से मिलने सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन जाएगी। फिर उसका फोन बंद हो गया।

स्नेहा के परिवार ने उसकी दोस्त को फोन किया, तो उसने बताया कि स्नेहा उससे मिलने आई ही नहीं।

# बिहार की तरह पूरे देश में वोटर लिस्ट जांची जाएंगी

### चुनाव आयोग की तैयारी पूरी; सुप्रीम कोर्ट में 28 जुलाई की सुनवाई के बाद फैसला होगा



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग बिहार के बाद अब पूरे देश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन कराने जा रहा है। इसके तहत वोटर लिस्ट की गहनता से जांच की जाती है और अपडेट किया जाता है। अगस्त से इसकी शुरुआत हो सकती है।

ईसी ने सभी राज्यों में अपनी चुनाव मशीनरी एक्टिव कर दी है। आयोग का ये फैसला सुप्रीम कोर्ट के 10 जुलाई को बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को जारी रखने की परमिशन पर आया। कोर्ट ने इसे संवैधानिक बताया था।

हालांकि कई विपक्षी दल और लोग इस रिवीजन के खिलाफ हैं। सुप्रीम कोर्ट में चुनौती भी दी है। दावा है कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के चलते योग्य नागरिक अपने मताधिकार से वंचित हो जाएंगे।

चुनाव आयोग के अधिकारी के मुताबिक, इलेक्शन अथॉरिटी 28 जुलाई के बाद एसआईआर पर अंतिम फैसला लेगी क्योंकि बिहार स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के मामले में सुप्रीम कोर्ट में दोबारा सुनवाई होनी है।

वहीं, कुछ राज्यों के चीफ इलेक्शन ऑफिसर ने अपने राज्यों में पिछली एसआईआर के बाद की पब्लिश वोटर लिस्ट जारी करना शुरू भी कर दिया है।

### दिल्ली सीईओ वेबसाइट की 2008 की वोटर लिस्ट उपलब्ध

दिल्ली सीईओ की वेबसाइट पर 2008 की वोटर लिस्ट उपलब्ध है, जब दिल्ली में आखिरी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन हुआ था। उत्तराखंड में आखिरी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन 2006 में हुआ था। तब की वोटर लिस्ट राज्य की सीईओ वेबसाइट पर उपलब्ध है।

राज्यों में आखिरी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन कट ऑफ तारीख के तौर पर काम करेगा, क्योंकि बिहार की 2003 की वोटर लिस्ट को चुनाव आयोग स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के लिए यूज कर रहा है। अधिकांश राज्यों में 2002 और 2004 के बीच वोटर लिस्ट में संशोधन किया गया था।

# तमिलनाडु में मालगाड़ी पटरी से उतरी, 18 बोगियां जली

### 52 बोगियों में डीजल था, 40 अलग की गईं; तिरुवल्लूर रेलवे स्टेशन का इलाका खाली कराया

**तिरुवल्लूर।** तमिलनाडु के तिरुवल्लूर रेलवे स्टेशन के पास मनाली से जोलारपेट होते हुए कर्नाटक जा रही एक डीजल मालगाड़ी पटरी से उतर गई।

इसके बाद उसमें आग लग गई। शुरुआत में पांच बोगियों में आग लगी। बाद में यह 18 बोगियां आग की चपेट में आ गईं। घटना रविवार सुबह 5.30 बजे हुई। मालगाड़ी में 52 बोगियां थीं। जिला कलेक्टर एम प्रताप ने बताया कि 40 बोगियों को जलती हुई ट्रेन से अलग कर लिया गया है।

वहीं, रेलवे स्टेशन के आसपास रहने



वाले लोगों को निकालकर सुरक्षित जगह पहुंचाया गया। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है।

फायर ब्रिगेड की कई टीमें बुलाई गईं। दोपहर तक मिली जानकारी के मुताबिक 10 गाड़ियों की मदद से आग पर लगभग काबू पा लिया गया है।

इधर, रेलवे और पुलिस घटना वाली जगह से 100 मीटर दूर पटरी पर मिली दरार की भी जांच कर रहे हैं।

### रेलवे का बयान- तीसरे डिब्बे में सबसे पहले लगी थी आग

रेलवे ने एक बयान में बताया कि मालगाड़ी के तीसरे डिब्बे में आग लगने की खबर मिलते ही, लोको पायलट ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाए। तिरुवल्लूर के स्टेशन मास्टर ने ओवरहेड (ओएचई) बिजली आपूर्ति बंद रोक दी। हालांकि, जब तक ट्रेन रोकी गई, आग 19वें डिब्बे तक फैल गई थी। इस हादसे के कारण चेन्नई को बैंगलोर, केरल और रेणुगुंटा/तिरुपति से जोड़ने वाले चेन्नई अरकोणम सेक्शन में रेल परिचालन स्थगित करना पड़ा। चेन्नई सेंट्रल से शुरू होने वाली या वहां तक जाने वाली 12 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द कर दिया गया, और कई अन्य ट्रेनों का या तो रूट बदल दिया गया या उन्हें बीच में ही रोक दिया गया।

# कोटा में ट्रक में घुसी मिनी बस, 4 की मौत

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर हादसा, ज्वेलर फैमिली इंदौर से सगाई फंक्शन से लौट रही थी

**कोटा।** सगाई फंक्शन से लौट रही मिनी बस (ट्रैवलर) आगे चल रहे ट्रक में घुस गई। इस हादसे में 2 सगे ज्वेलर भाई, उनकी मां और बहनोई (बहन के पति) की मौत हो गई। परिवार के 10 अन्य लोग घायल हैं। इसमें से 7 की स्थिति गंभीर है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर दुर्घटना रविवार सुबह कोटा (ग्रामीण) के दीगोद उपखंड इलाके में सुबह करीब 5 बजे हुई।

### रात नौ बजे इंदौर से निकले थे

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया- शनिवार को करौली के



सीताबाड़ी इलाके की रहने वाली ज्वेलर फैमिली इंदौर (मध्य प्रदेश) गई थी। इंदौर में लड़के का सगाई-गोदभराई कार्यक्रम था। शनिवार को ही रात के नौ बजे परिवार के सभी लोग मिनी बस से करौली के लिए चले थे। रविवार सुबह दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के चंबल पुल पर (बुढ़ादीत गांव) दुर्घटना हो गई। हादसा देखकर लगता है कि मिनी बस की स्पीड काफी तेज थी। आशंका जताई जा रही है कि मिनी बस के ड्राइवर को झपकी आने के कारण हादसा हुआ है।

मिनी बस में सवार सुरेश सोनी (45), ब्रजेश सोनी (45), गीता सोनी (63) और अनिल सोनी (48) की मौत हो गई। अनिल और ब्रजेश सगे भाई थे। इनकी मां गीता थी। सुरेश, गीता के दामाद थे। अनिल और ब्रजेश ज्वेलर थे। सुरेश सरकारी टीचर थे। उनकी पोस्टिंग भरतपुर में थी।

# आईआईएम कलकत्ता की छात्रा से रेप मामले में एसआईटी गठित

**कोलकाता।** इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) कलकत्ता के ब्वायज हॉस्टल में छात्रा से कथित दुष्कर्म मामले की जांच को राज्य सरकार ने नौ सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है, जिसका नेतृत्व एक सहायक पुलिस आयुक्त करेंगे।

एसआईटी जल्द कथित घटनास्थल का दौरा व उक्त छात्रा से पूछताछ करेगी। इलाके का सीसीटीवी फुटेज भी खंगाला जा रहा है। राज्य महिला आयोग ने भी मामले की सुध ली है। आयोग की चेयरपर्सन लीना गंगोपाध्याय ने पुलिस से मामले पर विस्तार से रिपोर्ट मांगी है। दूसरी तरफ छात्रा के पिता बेटी से दुष्कर्म की बात नकार चुके हैं।

### पिता के बयान से केस पलटा

उन्होंने यह भी दावा किया कि पुलिस ने उनकी बेटी से जबरन प्राथमिकी दर्ज करवाई, जिसमें लिखवाया गया कि गत शुक्रवार को आईआईएम कलकत्ता के एक छात्र ने उसे हॉस्टल बुलाकर नशीला पदार्थ मिला पेय पिलाकर बेहोश करने के बाद उसके साथ दुष्कर्म किया जबकि उन्हें बेटी ने बताया कि उसके साथ किसी तरह का यौन उत्पीडन् नहीं हुआ।

वह रिक्शा से गिरने से बेहोश हो गई थी। पुलिस उसका उद्धार कर थाने ले गई थी। पुलिस को जांच में पता चला है कि मामले में गिरफ्तार परमानंद महावीर टोप्पान्नाबार उर्फ परमानंद जैन का कॉलेज में दबदबा था।

### लाठीचार्ज

### हरदा में पुलिस ने कार्यकर्ताओं को आंसू गैस, वाटर कैनन से खदेड़ा; 60 लोग गिरफ्तार

# करणी सेना पर लाठीचार्ज, भोपाल समेत प्रदेशभर में चक्काजाम

**हरदा।** मध्यप्रदेश के हरदा में चक्काजाम कर रहे करणी सेना परिवार के कार्यकर्ताओं पर पुलिस के लाठीचार्ज का प्रदेश भर में विरोध हो रहा है। भोपाल, रतलाम समेत प्रदेश के कई शहरों में चक्काजाम और प्रदर्शन किया जा रहा है।

हरदा में करणी सेना परिवार के कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने दो दिन में तीन बार लाठीचार्ज किया। रविवार सुबह भी पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाइश दी। नहीं मानने पर आंसू गैस के गोले छोड़े। लाठीचार्ज कर खदेड़ा। वाटर कैनन चलाकर उन्हें कंट्रोल किया।

प्रदर्शन में शामिल करणी सेना परिवार



के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर समेत 60 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जिला जेल में भेजा है। यहां तनाव के चलते यहां हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, सीहोर, देवास और खंडवा जिले का पुलिस फोर्स तैनात है।

### करणी सेना परिवार इसलिए कर रही प्रदर्शन

करणी सेना परिवार के पदाधिकारी आशीष राजपूत से हीरा खरीदने के नाम पर 18 लाख रुपए की धोखाधड़ी हुई थी। आशीष ने विकास लोधी, मोहित वर्मा और उमेश तपानिया पर केस दर्ज कराया था। पुलिस ने मोहित को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को पुलिस मोहित को लेकर कोर्ट में चालान पेश करने जा रही थी।

इसी दौरान करीब 40 कार्यकर्ता इकट्ठा हो गए और आरोपी को उनके हवाले करने की मांग कर नारेबाजी करने लगे। हंगामा बढ़ा तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर करणी सेना के जिलाध्यक्ष सुनील राजपूत, आशीष राजपूत समेत 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया था। इसी गिरफ्तारी के खिलाफ कार्यकर्ता रविवार को प्रदर्शन करने जुटे।

### जीतू बोले- कलेक्टर-एसपी को बर्खास्त करें

हरदा की घटना पर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने ट्वीट कर कलेक्टर एसपी की भूमिका पर उठाए सवाल। पटवारी ने दोनों अफसरों की बर्खास्तगी की मांग की। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा- हरदा में करणी सेना/राजपूत समाज के साथ हुई पुलिस बर्बरता निंदनीय है। फिर साबित हो गया कि मोहन सरकार में न्याय और अधिकार की बात करना अपराध है!

# संपादकीय

## हम धर्म से नहीं, पाखंड से लड़ते हैं — सब मज़हबों से एक तीखा सवाल



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

धर्म अगर आत्मा की यात्रा है, तो पाखंड उस यात्रा का दलाल है जो किराया वसूलता है, लेकिन कहीं नहीं पहुँचाता।
आज धर्म के नाम पर जो हो रहा है, वह ईश्वर नहीं — ईगो (अहंकार) का व्यापार है।
कभी भगवा कपड़ों में ढोंग, कभी टोपी और कुरान के पीछे नफ़रत, और कभी क्रॉस के साए में शोषण —
ये सब उस मूल भावना की हत्या कर रहे हैं, जो हर धर्म का केंद्र थी- करुणा, सच्चाई और न्याय।

### हिंदू धर्म में पाखंड

- कांवड़ यात्रा अब भक्ति नहीं, 'डीजे ट्रक यात्रा' बन चुकी है — जहाँ शिव की जगह नशे का शोर है।
- गौ रक्षा के नाम पर भीड़ हत्या करती है, लेकिन गौ सेवा की ज़िम्मेदारी कोई नहीं लेता।
- जाति व्यवस्था और ब्राह्मणवाद की पुनर्स्थापना के पीछे चल रहा ढोंग — राम की मर्यादा नहीं, मनु की वर्ण व्यवस्था थोपने की साज़िश है।
- मंदिरों में सती स्मारक बनवाना, दलितों की एंट्री रोकना — ये धर्म नहीं, सामाजिक अपराध है।

### ? और सत्ता इस पाखंड को बढ़ावा देती है

राजनेता कांवड़ियों पर फूल बरसवाते हैं, लेकिन अस्पतालों में मरीज स्ट्रेचर के इंतज़ार में मरते हैं।
प्रेमी जोड़ों को 'लव जिहाद' के नाम पर पीटा जाता है, लेकिन बलात्कारियों को माला पहनाकर स्वागत होता है।
यह धर्म नहीं — सत्ता-प्रेरित कट्टरता है।

### इस्लाम में पाखंड

- इस्लाम जिसे मोहब्बत का मज़हब कहा जाता है, वहाँ कुछ कट्टरपंथी मौलाना औरत की आवाज़ को हराम करार देते हैं — पर्दे के पीछे इंसानियत को मारते हैं।
- बाल विवाह, जिहाद के नाम पर बहकावे, और हर बात पर 'काफिर' का फ़तवा — क्या यही रहमतुल्लिल-आलमीन (सबके लिए रहमत) पैग़म्बर का इस्लाम है?

### और जब ये पाखंड राजनीतिक हथियार बनता है

देश के कई हिस्सों में मुस्लिम पहचान को लेकर राजनीति की जाती है — टोपी, हलाल, अज़ान, और मदरसे विवाद का कारण बनाए जाते हैं,
ताकि असली मुद्दे — शिक्षा, बेरोजगारी, गरीबी — हमेशा पीछे रहें।

### ईसाई धर्म में पाखंड

- चर्च के भीतर बच्चों के साथ यौन शोषण — और दशकों तक की चुप्पी — ये ईश्वर की सेवा नहीं, ईश्वर के नाम पर अपराध है।
- धर्मांतरण के नाम पर सहायता का लालच देकर विश्वास बेचना — यह सेवा नहीं, भावनात्मक व्यापार है।
- और कुछ राजनीतिक दल इस पर 'धर्म ख़तरे में है' का राग अलापते हैं, ताकि अल्पसंख्यक समुदायों में डर रहे, और बहुसंख्यक वर्ग उनके साथ सहानुभूति न रखे।

### बौद्ध और जैन धर्म में विसंगतियां

- बुद्ध ने तर्क और करुणा का मार्ग दिखाया — पर आज कुछ मठ राजनीतिक ठिकाने बन गए हैं।
- जैन मुनियों की भव्य दीक्षा, मीडिया प्रमोशन और वीआईपी सन्यास क्या यही है अहिंसा और अपरिग्रह का रास्ता?
- कुछ क्षेत्रों में जैन और बौद्ध पहचान भी सत्ता-संपन्न वर्गों की ढाल बन चुकी है,
जहाँ धर्म के नाम पर टैक्स छूट, ज़मीनें और राज्य संरक्षण मिलता है — लेकिन मूल सिद्धांतों की कोई चिंता नहीं।

### निष्कर्ष

धर्म शुद्ध जल था —
लेकिन जब-जब समाज ने उसमें सत्ता, पैसा और जाति की मिलावट की — वह ज़हर बन गया।
- दोष धर्म का नहीं — धर्म की दलाली का है।
- दोष मज़हब का नहीं — उसकी मार्केटिंग करने वालों का है।
- दोष ईश्वर का नहीं — उसके एजेंट बनने का ढोंग करने वालों का है।

### हमारा संकल्प

हम हिंदू, मुस्लिम, सिख या ईसाई होने से पहले मानव हैं।
हम मंदिर, मस्जिद या चर्च में नहीं — सच में विश्वास करते हैं।
हम धर्म के ठेकेदारों से नहीं डरते, क्योंकि
हम सत्य के पुजारी हैं — और पाखंड के दुश्मन।

यही तो #सवाल-ज़िंदा-है!
#धर्म-नहीं-पाखंड-पर-वार #JeetFiles #कट्टरता-का-प्रतिकार




## इज़राइल-ईरान युद्ध : इतिहास के गर्भ से निकला वर्तमान का विस्फोट

**ज्ञानेन्द्र सिंह, अधिवक्ता**

पुरानी दुश्मनी और पुरानी शराब कभी बूढ़ी नहीं होती — वक़्त के साथ उनका स्वाद और ज़हर दोनों तेज़ हो जाते हैं। आज जो कुछ पश्चिम एशिया में हो रहा है, वह अचानक नहीं है — यह दशकों से उबलते तनावों, छुपे इरादों और वैश्विक शक्तियों के षड्यंत्रों का परिणाम है।

सन् 1990 में जब इराक ने कुवैत पर हमला किया, तब खाड़ी क्षेत्र एक ज्वालामुखी की तरह फूटने को तैयार था। उस समय ईरान और इराक़ वर्षों से एक-दूसरे के ख़िलाफ़ युद्धरत थे — एक तरफ अमेरिका समर्थित ईरान, और दूसरी तरफ़ सोवियत संघ द्वारा हथियारबंद इराक़।

खाड़ी युद्ध के दौरान अमेरिका ने ईरान के हवाई अड्डों और बंदरगाहों का उपयोग किया, और ईरान ने भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिका को इराक़ पर हमले में समर्थन दिया। लेकिन इस युद्ध से अमेरिका को न वह रणनीतिक विजय मिली, न ही आर्थिक लाभ। इराक़ की जनता ने अमेरिकी उपस्थिति का जबरदस्त विरोध किया, जिसके चलते अमेरिका को पीछे हटना पड़ा — हालांकि जाते-जाते वह एक बड़ा सैन्य अड्डा वहीं छोड़ गया, जिससे खाड़ी पर उसकी पकड़ बनी रही।

### ईरान की महत्वाकांक्षा और मुस्लिम नेतृत्व का सपना

इराक़ के पतन के बाद ईरान को लगा कि अब उसका समय आ गया है। वह खाड़ी क्षेत्र में एकमात्र शेष बड़ी सैन्य शक्ति था। उसने खुद को मुस्लिम जगत का अगुवा बनाने की योजना शुरू की, लेकिन उसके सामने सऊदी अरब और पाकिस्तान जैसे शक्तिशाली इस्लामी राष्ट्र थे जो ईरान की मंशाओं के सबसे बड़े बाधक थे।

उधर, सोवियत संघ के विघटन के बाद चीन एक नए महाशक्ति के रूप में उभर रहा था और विश्व दो गुटों में बंटता दिख रहा था — अमेरिका, यूरोप, जापान और सऊदी अरब एक ओर; चीन, रूस, उत्तर कोरिया और ईरान दूसरी ओर।

### ईरान की सैन्य शक्ति और छद्म युद्ध की रणनीति

ईरान ने अपनी सैन्य ताकत को बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आधुनिक ड्रोन, बैलिस्टिक मिसाइलें और साइबर युद्ध तकनीक — सब कुछ उसने एकत्र करना शुरू कर दिया। रूस और चीन का समर्थन उसे परोक्ष रूप से मिला। ईरान का सबसे बड़ा मास्टरस्ट्रोक यह था कि उसने प्रत्यक्ष युद्ध के बजाय छद्म युद्ध (proxy war) की रणनीति अपनाई। हमास, हिज़्बुल्ला और हूती विद्रोही उसके ऐसे मोहरे बन गए, जिनके ज़रिए वह इज़राइल पर वार करता रहा और खुद अप्रत्यक्ष रूप से सुरक्षित बना रहा।

रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान ईरान ने रूस को हथियार सप्लाई किए — यह भी दुनिया के लिए एक चेतावनी थी कि ईरान अब सिर्फ क्षेत्रीय नहीं, वैश्विक सैन्य समीकरणों में हस्तक्षेप करने लगा है।

### ईरान का परमाणु सपना और इज़राइल की सर्जिकल प्रतिक्रिया

ईरान का अंतिम लक्ष्य था — परमाणु हथियार संपन्न होना। लेकिन इस लक्ष्य तक पहुँचने से पहले ही उसकी चालें अमेरिका और इज़राइल ने भांप लीं। अमेरिका की खुफिया एजेंसियों के इशारे पर इज़राइल ने ईरान के सैन्य ठिकानों और परमाणु सुविधाओं पर सीधा हमला कर दिया।

इस हमले ने ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षा को दशकों पीछे धकेल दिया।

ईरान को उम्मीद थी कि मुस्लिम देश उसके समर्थन में आएँगे — लेकिन 48 घंटे बीत जाने के बाद भी कोई बड़ा मुस्लिम देश उसके पक्ष में नहीं बोला। यह ईरान के लिए सबसे बड़ा कूटनीतिक झटका था।

### मौन इस्लामी जगत और ईरान की असफलता

मुस्लिम देशों की चुप्पी ईरान की उस नीति का परिणाम है जिसमें उसने समय-समय पर सऊदी अरब और अन्य मुस्लिम देशों को अपने विवादित बयानों और शिया-बहुल दृष्टिकोण से नाराज़ किया। उसका रवैया हमेशा टकराव और वर्चस्व का रहा — नतीजा यह हुआ कि जब उसे साथ चाहिए था, तब कोई उसके साथ नहीं खड़ा हुआ।

### निष्कर्ष

इस युद्ध में भले ही इज़राइल और अमेरिका ने सैन्य रूप से बढ़त पाई हो, लेकिन यह टकराव भविष्य में और भयावह रूप ले सकता है। क्योंकि ईरान पीछे हटने वालों में से नहीं है — वह अपने घावों को चुपचाप भरते हुए फिर से उभरेगा।

लेकिन यह भी सच है कि अब उसका सपना — मुस्लिम जगत का नेता बनने का, परमाणु शक्ति बनने का — कम से कम आने वाले वर्षों के लिए चकनाचूर हो गया है।

## अमेरिकी साम्राज्यवाद के प्रबल विरोध का प्रतीक हैं आयतुल्लाह ख़ामनेई

**तनवीर जाफ़री**

पिछले दिनों ख़ासतौर पर मुहर्रम सम्बन्धी आयोजनों के दौरान भारत सहित दुनिया के और भी कई देशों में 86 वर्षीय ईरानी सुप्रीम लीडर व धार्मिक विद्वान आयतुल्लाह सैयद अली ख़ामनेई के पोस्टर लगाये गये। भारत में इस तरह के पोस्टर प्राय: श्रीनगर से लेकर लखनऊ,उन्नाव,बिजनौर,भोपाल व इंदौर जैसे और भी कई शहरों में लगाये गये। इनमें कई जगह तो पुलिस ने इन पोस्टर्स को उतरवा दिया और कई जगहों पर पुलिस ने पोस्टर लगाने वालों को ही समझा बुझा कर इन्हें सार्वजनिक स्थानों से हटाने हेतु प्रेरित किया। भोपाल व अन्य कई जगहों पर तो आयतुल्लाह ख़ामनेई के चित्र के साथ ही भारतीय तिरंगा भी लगाया गया था। बिजनौर में कुछ युवकों द्वारा आयतुल्लाह का पोस्टर फाड़ने की घटना के अतिरिक्त देश की आम जनता की ओर से इन चित्रों को लेकर कोई आपत्ति नहीं सुनाई दी। यहाँ तक कि अनेक जगहों पर शिया सुन्नी हिन्दू व सिख सभी समुदायों के लोग आयतुल्लाह सैयद अली ख़ामनेई के पोस्टर हाथों में लिये देखे गये। परन्तु मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष ने ज़रूर आयतुल्लाह का पोस्टर लगाने को देश विरोधी व राष्ट्रविरोधी बता डाला।

दरअसल ईरानी सुप्रीम लीडर व धार्मिक विद्वान आयतुल्लाह सैयद अली ख़ामनेई पिछले दिनों ईरान, इज़रायल के मध्य हुये 12-दिवसीय युद्ध के दौरान अमेरिकी साम्राज्यवाद का मुंह तोड़ जवाब देने की हिम्मत व क्षमता रखने वाले विश्व के इकलौते नेता के रूप में स्थापित हुये हैं। इस युद्ध में इज़रायल में लगभग 585 लोग मारे गए और 1,326 घायल हुए, जबकि ईरान में क़रीब 230 लोग मारे गए जिनमें अधिकांश आम नागरिक थे। युद्ध के नौवें दिन अमेरिका भी इस्राईल के समर्थन में युद्ध में कूदा और उसने ऑपरेशन मिडनाइट हैमर के तहत ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमले किए। इसके जवाब में ईरान ने भी क़तर में अमेरिका के अल-उदीद सैन्य अड्डे पर 6 मिसाइलें दाग़ी। साथ ही यह धमकी भी दे डाली कि वह होर्मुज़ जलडमरू समुद्री मार्ग को बंद कर देगा। यह संक्षिप्त युद्ध कोई मामूली युद्ध नहीं था बल्कि यह मध्य पूर्व की भू-राजनीति में एक ऐसी महत्वपूर्ण घटना थी, जिसने निश्चित रूप से क्षेत्रीय और वैश्विक शक्ति संतुलन को प्रभावित कर दिया है। बेशक भारत जैसे कई देशों ने इस युद्ध के दौरान अपना रुख़ तटस्थ बनाए रखा परन्तु भारत में अमेरिकी साम्राज्यवाद व इस्राईली आतंक का विरोध करने वाला एक बड़ा वर्ग भावनात्मक रूप से ईरान व उसके बुलंद हौसलों के साथ जुड़ा हुआ था। ईरान द्वारा इस्राईल व अमेरिका से टकराने की सराहना इसलिये भी की जा रही है क्योंकि मुस्लिम जगत के 56 देशों के असहयोग व अनेक मुस्लिम देशों के अमेरिका व इस्राईल के समर्थन में खड़े होने के बावजूद ईरान ने इस्राईल व अमेरिका की किसी धमकी व हमलों की कोई परवाह किये बिना इनके हर हमलों का जवाब उसी तीव्रता से दिया।

ऐसे में अमेरिका व इस्राईल विरोधी भावना रखने वालों का ईरान के पक्ष में खड़े होना स्वाभाविक है। वैसे भी भारत से ईरान के पुराने और गहरे सम्बन्ध रहे हैं।


रहा सवाल आयतुल्लाह ख़ामनेई के चित्र को विदेशी नेता का चित्र बताकर इसका विरोध करना, तो यह तो केवल प्रेरणा हेतु व उनके समर्थन में पोस्टर मात्र लगाये गये थे। वह भी आयतुल्लाह ख़ामनेई के शिया समुदाय के सर्वोच्च धर्मगुरु होने के लिहाज़ से। परन्तु हमें यह भी नहीं भूलना चाहिये कि इसी देश में अनेक जगहों पर ट्रंप के चित्र लगाकर उनके चुनाव में विजयी होने की प्रार्थना करने हेतु लोग हवन पूजा भी कर चुके हैं। ट्रंप कौन से स्वदेशी नेता हैं ? अबकी बार ट्रंप सरकार के नारे लगवाना, यह राष्ट्रभक्ति की कौन से श्रेणी है ? हमारे ही देश में क्यूबा के महान क्रांतिकारी नेता अर्नेस्तो चे ग्वेरा को देश में एक वर्ग अपना आदर्श मानता है। उनके पोस्टर लगता है व उनके चित्र की टी शर्ट पहनता है। कारण सिर्फ़ एक है कि इसी महान साहसी युवक ने अमरीका के बढ़ते साम्राज्यवाद को 1950-60 के दशक में कड़ी चुनौती दी थी और उस दौरान अमरीका इसे अपना सबसे बड़ा दुश्मन समझता था।

परन्तु आज अमेरिकी साम्राज्यवाद का विरोध करने वालों की नज़र में चे ग्वेरा एक महान क्रांतिकारी है। भारत में लेनिन व कार्ल मार्क्स के चित्र भी उनके समर्थक लगते रहते हैं। कई जगहों पर तो इनकी आदमक़द प्रतिमाएं भी लगी हुई हैं।

दुनिया के अनेक देशों में यहां तक कि ब्रिटेन व अमेरिका जैसे देशों में भी महात्मा गांधी,बाबा साहब भीम राव अंबेडकर,पंडित जवाहर लाल नेहरू जैसे कई प्रतिष्ठित नेताओं के चित्रों का इस्तेमाल होता रहता है बल्कि कई जगह उनकी प्रतिमायें भी लगी हुई हैं। गाँधी के चित्र तो अक्सर आज भी दुनिया के अनेक देशों में शांति व अहिंसा सम्बन्धी प्रदर्शनों या मार्च में शांति व अहिंसा का सन्देश देने की ग़रज़ से प्रयोग किये जाते हैं। उस समय कहीं भी कोई ऐसी संकीर्ण आवाज़ नहीं उठाता कि यह नेता तो भारतीय है इनके चित्र यहाँ क्यों ? परन्तु भारत में कुछ लोगों द्वारा आयतुल्लाह सैयद अली ख़ामनेई के चित्र का विरोध करना ज़रूर इस बात को दर्शाता है कि जो वर्ग आयतुल्लाह सैयद अली ख़ामनेई के चित्र से नफ़रत करता है इसका सीधा मतलब है कि वह न केवल अमेरिकी साम्राज्यवाद का समर्थक है बल्कि वह ग़ज़ा में लगभग अस्सी हज़ार बेगुनाहों के हत्यारे इज़राईल व उसके नेता बेंजमिन नितिन याहू के साथ खड़ा है। याद रखना चाहिये कि अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने 21 नवंबर 2024 को इस्राईल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के विरुद्ध ग़ज़ा में युद्ध अपराध और मानवता के ख़िलाफ़ अपराधों के आरोप में गिरफ़्तारी वारंट जारी किया है।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3590




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 3589 का हल



## हंसी के फूव्वारें

'तुम रेडियो पर सदा विदेशी स्टेशनों के कार्यक्रम ही क्यों सुनते रहते हो?'
'ताकि हमारे देश की बिजली कम खर्च हो.' दूसरे दोस्त ने बताया.

□ □ □

राजू- 'मेरी घरवाली की आंख में एक तिनका गिर गया था, उसे निकालने के लिए दस रुपये खर्च करने पड़े.'
मित्र बोला, 'मेरी घरवाली की आंख में एक साड़ी अटक गयी थी, उसे निकालने के लिए एक हजार रुपये खर्च करने पड़े.'


□ □ □

'पापा, मैंने आपके दोस्त को सही समय पर स्टेशन पहुंचा ही दिया.'
'लेकिन बेटा, स्टेशन तो बहुत दूर है और टैक्सी, बस, तांगे सबकी हड़ताल है. तुमने उन्हें ठीक समय पर कैसे पहुंचा दिया?'
'जी, वे कुत्ते से बहुत डरते थे, अपना कुत्ता उनके पीछे दौड़ाता रहा और उन्होंने भागकर ट्रेन पकड़ ली.'

□ □ □

एक महिला - 'आपने जो ताबीज पहन रखी है, वह क्या जन्तर-मन्तर है?'
दूसरी महिला हंस पड़ी, 'नहीं, इसमें मेरे आदमी के बाल हैं.'
पहली महिला आश्चर्य चकित होकर पूछा, 'क्या अब वे नहीं रहे?'
'नहीं, वे तो हैं, पर उनके बाल अब नहीं रहे.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3590



**बायें से दायें:-**

१. 'राह बनी खुद मंजिल' गीत वाली विस्वजीत, वहीदा की फिल्म-३
३. संजीवकुमार, सुचित्रासेन की 'तेरे बिना जिंदगी से कोई' गीत वाली फिल्म-२
४. 'मैं ने तेरे लिए ही' गीत वाली अमिताभ, राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-३
७. गोविंदा, आदित्य, नीलम, मंदाकिनी की अजय कश्यप निर्देशित फिल्म-४
८. 'कितना मजा आ रहा है' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-२,२
९. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'ना जइयो परदेस' गीत वाली दिलीपकुमार, अनिलकपूर, जैकी श्रॉफ, श्रीदेवी, पुनम ढिल्लों की फिल्म-२
११. जॉन अब्राहम, तारा शर्मा की 'हर तरफ हर जगह' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'ऐ मेरे मेहरबां ऐ मेरे हमनशी' गीत वाली मनोजकुमार, साधना की फिल्म-३
१५. जीतेंद्र, रेखा की 'गोकुल की गलियों का' गीत वाली फिल्म-२,२,१
१७. 'जाओ जाओ हम से क्या' गीत वाली जैकी श्रॉफ, अमृता सिंह की फिल्म-२,३
१९. अरविंद, प्रभुदेवा, काजोल की 'चंदा रे चंदा रे कभी' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'सिलसिला शुरू हुआ यहाँ से' गीत वाली फिल्म-३
२१. राजकपूर, नर्गिस की 'राजा की आएगी बारात' गीत वाली फिल्म-२
२३. शशि, संजीवकुमार, वहीदा, पूनम की फिल्म-३
२४. राहुलराय, शीबा की 'तेरी दोस्ती में मिला है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
२५. 'देखो मेरा दिल मचल' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, नाना पाटेकर, तब्बू की 'हम हैं बनारस के भैया' गीत वाली फिल्म-४
२. शाहरूख, विवेक, जूही की फिल्म-४
३. धर्मेन्द्र, माला सिन्हा की 'गैरों पे करम अपनों पे सितम' गीत वाली फिल्म-२
४. 'कभी तो मिलेगी कहीं' गीत वाली अशोक, प्रदीप, मीना की फिल्म-३
५. फिल्म 'परिवार' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
६. शाहबाद, किरण, तब्बू, रीता की फिल्म-५
७. सनी, सुष्मिता सेन की 'कोई देख रहा छुप छुप के' गीत वाली फिल्म-२
९. 'तेरे चेहरे में वो' गीत वाली फिरोज खान, हेमा मालिनी, रेखा की फिल्म-३
११. जॉय, सायरा की 'दिल की महफिल सजी है' गीत वाली फिल्म-२,२,३
१२. 'इक तुम पास ना आना' गीत वाली अमिताभ, लक्ष्मी छाया की फिल्म-२,१,३
१३. अक्षयकुमार, माधुरी दीक्षित की 'दुनिया से दूर जा रहा हूँ' गीत वाली फिल्म-३
१६. राजकुमार, शत्रुघ्नसिन्हा, हेमा मालिनी, मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म-३
१७. आमिर खान, फैजलखान, ट्विंकल की 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीत वाली देव आनंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२२. 'आज सजन मोहे अंग लगालो' गीत वाली फिल्म-२
२३. नसीरूद्दीनशाह, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3589



## सूडोकु -3590

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | 6 |
| 7 | | 2 | | 5 | | | | 9 |
| | | 4 | | | 2 | 7 | 5 | |
| 5 | 7 | | | | 9 | | 1 | 8 |
| | | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | 3 | | | | 2 | 4 |
| | 5 | 1 | 9 | | | 8 | | |
| 2 | | | | 8 | | 9 | | 1 |
| 9 | | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3589 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 |

## शब्द पहेली - 3590



**बाएँ से दाएँ**

1.सेवक,दास-3
3.निवास करना-3
5.खुजली-2
6.परोपकारी-5
9.प्याला,जाम-2
11.टोंटी,नलका-2
12.आनंद,जूस-2
13.प्रतिज्ञा,शपथ-3
16.सिमरन,सुमरन-3
18.सुअर-3
20.पेन,लेखनी-3
22.कमल,जलज-3
23.क्रोध,गुस्सा-2
24.पाश,फंदा-2
25.शोषण करना-3
28.गौरव,प्रशंसा-3
30.सूत कातने का साधन-3
31.गौरव-3
33.देवर्षि-3
35.अंधकार-2
36.यमराज-2
38.अलमस्त-2
40.सलाह देने वाला-5
41.बीता दिन-2
42.रसदार-3
43.इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**

1.उर्वरक-2
2.विशाल,श्रेष्ठ-3
3.धनवान,संपन्न-3
4.घ्राणेंद्रिय,इज्जत-2
5.दैत्य,असुर-3
7.मायाजाल-3
8.उद्धार,पार लगाना-3
10.शरण,आश्रय-3
14.चूर-चूर,ढहा-5
15.टोंटी,नलका-2
17.युद्ध,संग्राम-2
18.दूल्हा-2
19.राजपुत्र-5
21.मद्रास का समुद्र तट-3
22.नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26.मित्र,दोस्त.मीत-2
27.हूर,अप्सरा
29.मेहंदी-2
30.शीर्ष,पराकाष्ठा-3
31.इसमें पौधा लगाते हैं-3
32.पीहर,नैहर-3
34.युक्तिवाद,पैरवी-3
35.टब,परात,तगारी-3
37.इच्छा-3
39.परत,तह-2
41.कदर,सम्मान-2

शब्द पहेली -3589 का हल



# बिल्डर के प्रबंधन के खिलाफ लोगों ने सड़क पर किया प्रदर्शन

## लोग नारीबाजी करते हुए सड़क पर उतर गए और उन्होंने रोड जाम कर दिया

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौर सिटी 2 स्थित कासा वुडस्टाक सोसाइटी के खरीदारों ने बिल्डर प्रबंधन से परेशान होकर रविवार को प्रदर्शन किया। इस दौरान सभी लोग नारीबाजी करते हुए सड़क पर उतर गए और उन्होंने रोड जाम कर दिया। करीब 2 घंटे तक लोगों द्वारा अपना विरोध प्रदर्शन सड़क बंद करके किया गया। वहीं, पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामले को शांत कराया। गोविंद दीक्षित, मुकेश, राजेश ने बताया कि परिसर में सैकड़ो परिवार रहते हैं, जिन्हें मूलभूत सुविधाएं तक ठीक से नहीं मिल रही है। सोसाइटी में बिल्डर प्रबंधन द्वारा 3.10 रुपए स्क्वायर फीट के हिसाब से रखरखाव शुल्क लिए जा रहा है, लेकिन उसके बाद भी सोसाइटी में लोगों की सुविधाओं में कटौती की जा रही है।

हाय राइजिंग सोसाइटी में लिफ्ट लोगों की सबसे अधिक महत्वपूर्ण जरूरत है, जिसके सहारे से ही लोग ऊपर नीचे आते जाते हैं। 9 महीना से लिफ्ट का एएमसी नहीं कराया गया है, जिसके कारण उनकी स्थिति खराब होती जा रही है। लिफ्ट के रखरखाव में भी लापरवाही बरती जा रही है। चार दिनों से दो टावर की तीन लिफ्ट खराब है, जिसके कारण लोगों को सीडी से ऊपर नीचे आना जाना पड़ता है। वहीं, बाकी के जो लिफ्ट संचालित है, उनकी भी हालत अधिक खराब है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। सोसाइटी के बेसमेंट में पानी भरा हुआ है। एसटीपी ठीक से कार्य नहीं करता है। जगह जगह कचरा पड़ा हुआ है, जिसकी शिकायत लगातार बिल्डर प्रबंधन से भी की जाती है, लेकिन बिल्डर प्रबंधन लोगों की समस्या का समाधान करने के लिए तैयार नहीं है।

चार दिनों से लिफ्ट खराब होने के कारण लोगों में अधिक रोष है, जिससे परेशान होकर लोगों ने रविवार को बिल्डर प्रबंधन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और सोसाइटी के बाहर टाउनशिप में सड़क पर उतरकर रोड जाम किया। लोगों द्वारा सड़क पर बैरिकेडिंग लगाकर बंद किया गया, जिसके कारण टाउनशिप के अंदर लंबा जाम लग गया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उन्होंने मामले को शांत कराया। वहीं, लोगों द्वारा जल्द समस्या का समाधान न होने पर दोबारा से रविवार को प्रदर्शन कर सड़क को जाम करने की चेतावनी दी गई है। साथ ही, लोगों ने अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन के गठन की प्रक्रिया को शुरू कर दिया है। वहीं, बिल्डर प्रबंधन के हेड रिजवान ने बताया कि उनके ऊपर लगाए गए सभी आरोप गलत है। सोसाइटी के एक टावर की एक लिफ्ट बंद थी, जिसको भी ठीक कर दिया गया है।

# दो सड़क हादसों में एक महिला की मौत, तीन घायल

## ट्रक चालक और कार चालक को हिरासत में लिया



**ग्रेटर नोएडा। वकार सैफी।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा में अलग-अलग दो सड़क हादसों में एक महिला की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए. जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, पहली घटना ग्रेटर नोएडा के थाना बिसरख क्षेत्र में हुई, जहां ट्र्क चालक ने स्कूटी पर जा पति-पत्नी को टक्कर मार दी। हादसे मे पत्नी की मौत हो गई, पति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दूसरा हादसा, सेक्टर-24 थाना क्षेत्र में एडोब चौराहे पर हुआ, जिसमें कार सवार ने बाइक पर जा रहे, दो लोगो को ट्क्कर मार दी। जिसमे दो लोग घायल हो गए जिन्हे इलाज के लिए अस्पताल भर्ती कराया है। कार सवार को लोगों पीछा कर पकड पुलिस के हवाले कर दिया है। दोनों ही हादसे में पुलिस ने ट्रक चालक और कार चालक को हिरासत में लेकर वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

## शार्ट न्यूज

### ग्रेटर नोएडा में कुएं में गिरा गोवंश

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में रविवार को एक गोवंश की जान बचाई गई। समसपुर गांव के जंगल में स्थित एक पुराने गहरे कुएं में गोवंश गिर गया था। रविवार शाम को गोवंश कुएं के पास से गुजर रहा था। अचानक वह कुएं में गिर गया। कई घंटों तक कुएं में रहने से गोवंश को चोटें आई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना गोसेवकों को दी। गोसेवक त्रिलोक नागर के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय पुलिस की मदद से गोसेवकों ने जेसीबी मशीन और रस्सी का उपयोग कर गोवंश को कुएं से बाहर निकाला। घायल गोवंश का तुरंत इलाज किया गया। बचाव कार्य में मेजर नागर, आकाश, सोनु, दीपू, सुनील दादूपुर, देवेंद्र और धन सिंह समेत कई गौरक्षक मौजूद रहे। त्रिलोक नागर ने कहा कि उनकी टीम आगे भी गोवंशों की सेवा करती रहेगी।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया

**ग्रेटर नोएडा।** रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेटर नोएडा द्वारा एक वृक्ष- एक जीवन, एक सदस्य-एक संकल्प की थीम पर रविवार को सेक्टर ओमीक्रोन-टू में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान क्लब के सदस्यों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। क्लब अध्यक्ष ऋषि अग्रवाल ने बताया कि विभिन्न प्रजाति के 103 पौधे लगाए गए। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी और रोटरी सेवा के मूल सिद्धांत का प्रतीक है। पौधरोपण की इस मुहिम में आरडब्ल्यूए अध्यक्ष कश्मीरा पहलवान, अतर सिंह व प्रवीण का विशेष योगदान रहा।इस मौके पर शैलेश चंद्र वार्ष्णेय,केके शर्मा, विनोद कसाना, सौरभ बंसल, अमित राठी, निखिल गर्ग, राहुल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### निजी अस्पताल में नवजात की मौत पर हंगामा

**ग्रेटर नोएडा ।** निजी अस्पताल में नवाजात की मौत का मामला सामने आया है। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही बरतने का अरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकर हंगामा किया। पुलिस ने मौके पर लोगों को शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गौर सिटी-2 स्थित 14 एवेन्यू निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर तपन अग्रवाल ने बताया कि उनकी पत्नी रिया को गुरुवार शाम पांच बजे प्रसव पीड़ा होने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात करीब 8ः45 बजे सिजेरियन डिलीवरी से बच्ची का जन्म हुआ। जन्म के तुरंत बाद से ही बच्ची को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। आरोप है कि उस समय अस्पताल में कोई विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद नहीं था। प्रशिक्षुओं ने ऑक्सीजन सिलेंडर से बच्ची को ऑक्सीजन देने की कोशिश की। करीब आधे घंटे बाद अस्पताल के एचओडी वहां पहुंचे, रात 11: 30 बजे अस्पताल की ओर से बच्ची की हालत सामान्य बताई गई । उन्हें बताया गया कि सात से दस दिन तक बच्ची को एनआईसीयू में रखना पड़ेगा। परिजनों से 50 हजार रुपये का भुगतान भी कराया गया । अगले दिन शुक्रवार को पूरे दिन बच्ची की सेहत सामान्य बताई जाती रही।

### दिल्ली से कालिंदी कुंज आने वाला एक रास्ता बंद होगा

**नोएडा।** कांवड़ियों के सुरक्षित सफर के लिए दिल्ली से कालिंदी कुंज होकर नोएडा आने वाला एक रास्ता मंगलवार से वाहनों के लिए बंद कर दिया जाएगा। 23 जुलाई तक यहां से वाहन आ-जा नहीं सकेंगे। यह रास्ता कालिंदी कुंज लाल बत्ती से नोएडा की तरफ आता है। दूसरे रास्ते पर दिल्ली से नोएडा की तरफ वाहन आते रहेंगे। हरियाणा, राजस्थान और मध्यप्रदेश जाने वाले कांवड़िए नोएडा पहुंचने शुरू हो गए हैं। ये हरिद्वार या गौमुख से जल लेकर आ रहे हैं। इस सप्ताह से कांवड़ियों की संख्या बढ़नी शुरू हो जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि कांवड़िए दिल्ली के चिल्ला बॉर्डर से नोएडा में प्रवेश करते हैं।यहां से ओखला पक्षी विहार आते हैं। ओखला पक्षी विहार पार करते ही दिल्ली के कालिंदी कुंज लालबत्ती की ओर जाकर गंतव्य को जाते हैं। लालबत्ती पर दिल्ली पुलिस कांवड़ियों को सुरक्षित तरीके से सड़क पार कराती है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चिल्ला बॉर्डर पर वाहनों को रोककर कांवड़ियों को सड़क पार कराने के लिए 24 घंटे पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है। अभी कम संख्या में कांवड़िए आ रहे हैं। एक-दो दिन में इनकी संख्या बढ़ने का अनुमान है। ओखला पक्षी विहार रास्ते पर वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया है।

### दबंगों ने पिता-पुत्र को पीटा, पांच पर केस दर्ज

**नोएडा।** प्लॉट पर कब्जा और गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने पिता-पुत्र को पीटकर घायल कर दिया। दोनों का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। सेक्टर-39 थाने की पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। सदरपुर निवासी राजेंद्र प्रसाद ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के कुछ दबंग और भूमाफिया उनके प्लॉट पर जबरन कब्जा करने चाहते हैं। बीते माह 28 जून को राजेंद्र प्रसाद अपने बेटे के साथ प्लॉट पर पेड़ कटवा रहे थे। इसके लिए संबंधित विभाग से अनुमति भी ली थी। उसी समय कमल किशोर, नरेश, रविंद्र, प्रेम और नरपत वहां पहुंचे।चारों नरपत के पुत्र हैं। पांचों ने शिकायतकर्ता को गाली देने लगे। आरोपियों ने कहा कि यह प्लाट उनका है और पेड़ कटवाने के लिए उनकी अनुमति क्यों नहीं ली। इसके बाद सभी आरोपियों ने राजेंद्र और उसके बेटे के साथ मारपीट की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को मारपीट से रोका और दोनों पक्षों को थाने बुला लिया। आरोप है कि नरपत पक्ष के लोग करीब 15 अन्य लोगों को लेकर चौकी पहुंचे और शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस नामजद आरोपियों से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

### गाजियाबाद में लोगों ने किया प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के नंदग्राम थाना क्षेत्र के मेरठ रोड स्थित दिल्ली जूस कॉर्नर पर रविवार को हिंदू संगठनों ने हंगामा कर दिया। उन्होंने दुकान पर जूस में थूक मिलाने और बोतलों में पेशाब भरे होने का आरोप लगाया। हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों को समझाकर शांत कराया। सुरक्षा के लिहाज से दुकान को बंद करा दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जा रही है और किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी। सूचना मिलने के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और जूस व अन्य तरल पदार्थों के नमूने जांच के लिए एकत्र किए हैं। नमूनों को लैब भेजा गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही पुष्टि हो सकेगी कि वास्तव में कोई मिलावट की गई थी या नहीं। 12 जुलाई को विजयनगर थाना क्षेत्र के सिद्धार्थ विहार इलाके में भी सामने आया था। वहां भी एक दुकान पर जूस में थूक मिलाने का आरोप लगा था। फिलहाल पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

# नोएडा में पुलिस और वाहन चोर के बीच मुठभेड़

## बदमाश ने किया फायर, जवाबी कार्रवाई में घायल; चोरी की बाइक बरामद

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा के थाना फेस-2 क्षेत्र में पुलिस और वाहन चोर के बीच मुठभेड़ हुई। घटना निम्मी विहार तिराहे सेक्टर 88 की है। पुलिस रात्रि में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक बाइक सवार को रुकने का इशारा किया गया।

बाइक सवार रुका नहीं और दादरी मेन रोड की तरफ भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया।

ट्रांसपोर्ट नगर सेक्टर 88 कट से पहले बदमाश ने खुद को घिरा देख बाइक गिरा दी। उसने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान इरफान उर्फ पिंटू (22) के रूप में हुई। वह मूल रूप से मध्य प्रदेश के भिंड का रहने वाला है।

वर्तमान में नोएडा के नयागांव में रहता है। उसके पास से एक देसी तमंचा .315 बोर, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस और एक चोरी की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद हुई। इरफान एनसीआर क्षेत्र में दोपहिया वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देता था।

घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की आगे की कार्रवाई कर रही है।

# सीबीएसई 19वीं क्लस्टर प्रतियोगिता : एस.बी. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की टीम ने जीता कांस्य पदक





**मेरठ।** मेरठ के सरस्वती पब्लिक स्कूल, परतापुर में आयोजित सीबीएसई की 19वीं क्लस्टर प्रतियोगिता में बागपुर स्थित एस.बी. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की छात्रा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। यह प्रतियोगिता 12 से 14 जुलाई तक चली, जिसमें अंडर-19 और अंडर-17 गर्ल्स वर्ग में लगभग 156 स्कूलों की टीमों ने हिस्सा लिया।

टीम के कोच चंचल शर्मा और जितेंद्र कुमार नागर ने बताया कि छात्राओं ने पूरे जोश और समर्पण के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया और सेमीफाइनल तक का सफर तय किया। कोच चंचल शर्मा ने कहा, हमारी टीम ने कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे स्कूल का नाम रोशन हुआ।

स्कूल के चेयरमैन श्री नरेंद्र शर्मा और प्रिंसिपल श्रीमती रतन शर्मा ने टीम की इस उपलब्धि पर बधाई दी और भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। चेयरमैन नरेंद्र शर्मा ने कहा, हमारी छात्राओं ने न केवल स्कूल बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। हमें उन पर गर्व है।

प्रतियोगिता का समापन आज फाइनल मुकाबले के साथ हुआ, जिसमें सभी टीमों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। एस.बी. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की इस उपलब्धि ने स्थानीय समुदाय में उत्साह का माहौल पैदा कर दिया है।

# पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों को धमका कर वसूली करने वाला बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल

**नोएडा। वकार सैफी।** थाना फेस 3 पुलिस और पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों को झूठे आरोपों का डर दिखाकर जेल भेजने की धमकी देकर पैसे ऐंठने वाले फर्जी पुलिसकर्मी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बता दे कि आरोपी बदमाश की पहचान मेरठ के अमित उर्फ सुक्खे के रूप में हुई है।



आरोपी अमित और सुक्के ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों को जेल भेजने की धमकी देकर उगाई करता था वह गूगल पे पर भी पैसे डलवाता था।वर्तमान में वह बहलोलपुर गांव में रह रहा था।

इंटर पास 25 वर्षीय बदमाश है उसके पास से एक मोटरसाइकिल, पुलिस की वर्दी, तमंचा और कारतूस समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। पुलिस आरोपी का आपराधिक इतिहास पता कर रही है।

### ग्रेटर नोएडा में कुएं में गिरा गोवंश

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में रविवार को एक गोवंश की जान बचाई गई। समसपुर गांव के जंगल में स्थित एक पुराने गहरे कुएं में गोवंश गिर गया था। रविवार शाम को गोवंश कुएं के पास से गुजर रहा था। अचानक वह कुएं में गिर गया। कई घंटों तक कुएं में रहने से गोवंश को चोटें आई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना गोसेवकों को दी। गोसेवक त्रिलोक नागर के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय पुलिस की मदद से गोसेवकों ने जेसीबी मशीन और रस्सी का उपयोग कर गोवंश को कुएं से बाहर निकाला। घायल गोवंश का तुरंत इलाज किया गया।

# भारतीय मानक ब्यूरो ने लोगों को जागरूक किया

**नोएडा।** सेक्टर-100 सेंचुरी अपार्टमेंट में रविवार को भारतीय मानक ब्यूरो बीआईएस ने लोगों के लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। बीआईएस की नोएडा शाखा से बर्षा छाबरिया ने लोगों को बताया कि किस तरह लोग कोई सामान खरीदते है। ग्राहक छोटी लापरवाही करते हैं कि उसमें भारतीय मानक ब्यूरो का चिन्ह बिना देखे सस्ते के चक्कर में खरीद लेते है, जो हमारे लिए सिर्फ आर्थिक हानि ही नहीं है, शारीरिक रूप से भी जानलेवा हो जाते हैं।

इसलिए सभी को जागरूक होना होगा। उन्होंने बताया कि जो सामान ग्राहक खरीद रहे है वह सही है या नहीं यह जिम्मेदारी विभाग है।इस लिए भारत सरकार द्वारा समय-समय पर संदिग्ध फर्मों पर कार्रवाई के अलावा ग्राहकों के बीच जागरूकता अभियान का आयोजन करती है।

इसके अलावा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी लोगों को असली और नकली उत्पादों की जानकारी दी गई। आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष पवन यादव ने बताया कि अब सोसाइटी के सभी लोग भारतीय मानक ब्यूरो का चिन्ह देखकर ही सामान की खरीदारी करेंगे।

### सोसाइटी में पानी की किल्लत का लोगों ने जताया विरोध

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित निराला एस्टेट सोसाइटी में लोगों ने रविवार को पानी किल्लत से परेशान होकर बिल्डर प्रबंधन कार्यालय में जाकर विरोध जताया। लोगों का आरोप है कि बिल्डर कार्यालय में प्रदर्शन से कुछ टावरों में पानी की सप्लाई की गई, इस दौरान एकदम काले रंग का गंदा पानी घरों में आया। सोसाइटी में रहने वाले विशाल ने बताया कि परिसर में करीब 17 टावर बने हुए हैं, जिनमें 1900 परिवार रहते हैं। लोगों का आरोप है कि पिछले तीन दिनों से सोसाइटी में पानी की समस्या बनी हुई है। हर समय 5 से 6 टावर में पानी गायब रहता है।बिल्डर प्रबंधन से शिकायत करने पर टैंकर मंगाए जाते हैं,जिनसे अंडरग्राउंड वॉटर भरा जाता है, लेकिन उसे लोगों की पूर्ति नहीं पड पाती है। सभी टावर में पानी की सप्लाई नहीं होने के कारण लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। रविवार सुबह सोसाइटी के सभी टावर में पानी नहीं पहुंचा, जिसके बाद लोगों ने विरोध जताते हुए बिल्डर प्रबंधन कार्यालय पहुंचे। जहां पर उन्होंने अपनी समस्या को रखा और विरोध जताया। उन्होंने बताया कि बिल्डर कार्यालय में विरोध जताने के बाद दोपहर के समय घरों में कुछ टावरों में पानी की आपूर्ति की गई।

# पुलिस और वाहन चोर गिरोह के साथ हुई मुठभेड़ , दो बदमाश घायल

## चार बदमाश कांबिंग के बाद गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा। वकार सैफी।** थाना दादरी पुलिस और वाहन चोरों के बीच गांव घोड़ी बछेड़ा में चेकिंग के दौरान हुई मुठभेड़ में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए । जबकि चार बदमाशों को पुलिस ने कांबिंग ऑपरेशन के दौरान गिरफ्तार किया है। बता दे कि पुलिस मुठभेड़ में घायल शादाब सैफी और अब्दुल समद को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती



कराया गया है, जबकि उनके साथियों इकराम, वाहिद, नजाकत अली और अदालत को कांबिंग ऑपरेशन के दौरान गिरफ्तार किया गया है । एडिशनल डीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार ने बताया कि यह सभी बदमाश वाहन चोर गिरोह के सदस्य हैं। इस गिरोह ने 28 जून को दादरी से क्रेटा कार चोरी की थी, उसे बरामद किया गया है इसके अलावा इनके पास से कार खोलने के लिए इस्तेमाल होने वाला सॉफ्टवेयर डिवाइस भी बरामद हुआ है बदमाशों के पास से दो चम्मच से कारतूस भी मिला है।

जिससे चेकिंग के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग की गई थी पुलिस बदमाशों का आपराधिक इतिहास पता करने में जुटी है।

# सड़कों पर बह रहा सीवर का पानी बारिश में परेशानी बढ़ी

## घरों के सामने और मार्केट में गंदे पानी का जमाव होने से बदबू आ रही है

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के अल्फा, बीटा, गामा, डेल्टा आदि सेक्टरों के अलावा जगत फार्म, रामपुर और अल्फा-1 कमर्शियल बेल्ट मार्केट में जगह- जगह पर सीवर का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। आसपास के गांवों के और बुरे हालात हैं। बारिश होने पर चारों तरफ गंदगी फैलने से लोगों की परेशानी और अधिक बढ़ गई है। घरों के सामने और मार्केट में गंदे पानी का जमाव होने से बदबू आ रही है। बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। लोग सीवर के गंदे पानी से होकर गुजरने को मजबूर हैं। सेक्टरों में यह समस्या पिछले कई माह से बनी हुई है, लेकिन प्राधिकरण द्वारा समय रहते सीवरेज की व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया।इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। सेक्टर बीटा-1 में रॉयन इंटरनेशनल स्कूल से रामपुर मार्केट की तरफ जाने वाले सर्विस मार्ग पर 8 से 10 घरों के सामने पिछले लंबे समय से सीवर ओवरफ्लो हो रहा है। सीवर का पानी सड़क पर बहता रहता है।

हल्की बारिश होने पर पूरी सड़क पर गंदा पानी भर जाता है। तेज बारिश होने पर घर में पानी घुसने का खतरा है। यही स्थिति रामपुर मार्केट की है। यहां भी दुकानों के सामने जगह- जगह पर गंदा पानी भरा हुआ है। दुकानदारों के साथ मार्केट में आाने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है। सेक्टर के लोगों का कहना है कि शिकायत करने पर टैंकर भेजकर सफाई के नाम पर खानापूर्ति कर दी जाती है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है। शहर की प्रमुख मार्केट जगत फार्म में भी यही हालात हैं। पिछले कई सालों से सीवर ओवरफ्लो की समस्या बनी हुई है। सेक्टर अल्फा-1 कमर्शियल बेल्ट में सड़क के किनारे सीवर का पानी भरा हुआ है। इससे बीमारी फैलने का खतरा है।

# उद्यान विभाग ने सूखे पौधे हटा नए पौधे लगाए

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के जगत फार्म गोलचक्कर से लेकर प्राधिकरण के पुराने दफ्तर सेक्टर गामा-वन गोलचक्कर तक हरित क्षेत्र में सूख चुके पौधों को हटाकर उनके स्थान पर नए पौधे लगा दिए गए हैं। पौधों के सूखने की शिकायत प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार से की गई थी। इस पर संज्ञान लेते हुए सीईओ ने एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस को सूखे पौधे तत्काल हटवाने और नए पौधे लगाने के निर्देश दिए। एसीईओ ने उद्यान विभाग की टीम को भेजकर सूखे पौधों की जगह नए पौधे लगवा दिए हैं। उद्यान विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक पीपी मिश्रा ने बताया कि गर्मी में पौधरोपण होने पर कुछ पौधे सूख जाते हैं, जिनको बरसात में बदला जाता है और इसी तरह सर्दी में सूखने वाले पौधों को फरवरी में बदलकर नए पौधे लगाए जाते हैं।उद्यान विभाग इस कार्य को नियमित रूप से कर रहा है।



# अयोध्या में प्रेमिका की हत्या कर सुसाइड किया

## होटल में लड़की के सीने पर मारी गोली, दरवाजा तोड़कर निकाली लाश

अयोध्या। अयोध्या में रविवार शाम प्रेमी ने सीने में गोली मारकर प्रेमिका की हत्या कर दी। फिर खुद की कनपटी पर गोली मारकर सुसाइड कर लिया। होम स्टे के कमरे में वारदात की। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव निकाला।

वारदात की वजह का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। लड़का देवरिया और लड़की बाराबंकी की है। दोनों ने आज ही अयोध्या में कमरा लिया था। घटना कोतवाली क्षेत्र के बड़ी देवकाली स्थित एक होम स्टे की है।

### अब पढ़िए पूरा मामला...

सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी ने बताया कि मृतक युवक की पहचान देवरिया के भुजौली कालोनी के रहने वाले आयुष गुप्ता (25) रूप में हुई है। वहीं लड़की का नाम अरोमा है। वह




बाराबंकी के गाजीपुर के दरियाबाद की रहने वाली थी। रविवार सुबह दोनों ने यहां होम स्टे में कमरा लिया था।
पुलिस ने बताया कि शाम को होम स्टे के स्टाफ ने चाय देने के लिए कमरे का दरवाजा खटखटाया। अंदर से कोई जवाब नहीं आया। शाम 6 बजे होटल संचालक ने पुलिस को सूचना दी। सीओ आशुतोष तिवारी फोर्स के साथ 6.20 बजे मौके पर पहुंचे। पुलिस ने 7 बजे कमरे का दरवाजा तोड़ा। अंदर बेड पर दोनों का शव खून से लथपथ पड़ा था। तमंचा भी वहीं पड़ा था। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की है।
सीओ सिटी आशुतोष तिवारी ने बताया कि आयुष ने तमंचे से पहले प्रेमिका के सीने में गोली मारी। इसके बाद खुद को गोली मार ली। कमरे में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस कई एंगल से जांच कर रही है। होटल प्रबंधन से भी पूछताछ की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि पूरे मामले की सच्चाई सामने आ सके।

### सीसीटीवी में दोनों फोन पर बात करते दिखे

एसपी सीटी ने बताया- होम स्टे की सीसीटीवी चेक की गई। उसमें दोनों दोपहर 12 बजे कमरे के अंदर से लॉबी में फोन पर बात करते दिखाई दिए। 12 बजे के बाद लड़का नीचे उतरता है। इस दौरान लड़की कमरे में चली जाती है। 12.20 पर लड़का वापस कमरे में आता है। उसके बाद अंदर से कमरा बंद कर लेता है।

## बदमाशों ने होजरी कारोबारी के घर में की लूटपाट

**कानपुर।** कानपुर में होजरी कारोबारी के घर 3 नकाबपोश असलहाधारी बदमाश घुस गए। बदमाशों ने 3 साल की बच्ची को गन प्वाइंट पर ले लिया। घर में मौजूद महिलाओं से कहा- घर के पूरे जेवरात और कैश निकालकर इस बैग में भर दो। नहीं तो लाशें बिछा दूंगा। ये बच्चों के खेलने वाला खिलौना नहीं है। असली पिस्टल है। अगर गोली चल गई तो जान चली जाएगी। बदमाशों ने महिलाओं के मोबाइल छीन लिए। फिर महिलाओं के कंगन और एक मोबाइल लेकर फरार हो गए। बदमाशों के भागने के बाद महिलाओं ने शोर मचाया। घर के अन्य परिजनों को फोन कर जानकारी दी। घटना कर्नलगंज थाना क्षेत्र की है। छोटे मियां का हाता कर्नलगंज निवासी सालिम खान होजरी कारोबारी हैं। सालिम ने बताया कि शनिवार रात 12:30 बजे असलहाधारी तीन नकाबपोश बदमाश घर में घुस गए। वह अपने साथ एक काला बैग भी लेकर आए थे। इसके बाद भीतर से कुंडी लगा ली और तीन साल की बच्ची को गनप्वाइंट पर ले लिया। घर में मेरी पत्नी और तीन साल की बच्ची समेत तीन बेटियां भी थीं। बदमाशों ने 3 साल की बच्ची को गनप्वाइंट पर लिया।

# नाबालिग से दुष्कर्म कर 25 हजार में बेचा

## नशीली दवा देकर किया था अपहरण

**पीलीभीत।** पीलीभीत के जहानाबाद में एक नाबालिग के साथ हुई दरिंदगी का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।
पीड़िता के पिता, जो अब किन्नर समाज से जुड़े हैं। शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है।
घटना 5 मई 2023 की है। 14 वर्षीय पीड़िता घर पर अकेली थी और बीमार थी।
उसने गांव के उमेश भारती से दवाई लाने को कहा। उमेश ने लड़की को नशीली दवा दे दी। जिससे वह बेहोश हो गई। इसके बाद उमेश उसे रिठौरा ले गया। जहां उसने और संजीव कुमार ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया।

### पीड़िता के साथ दुष्कर्म कर बेचा

दोनों आरोपी पीड़िता को रामपुर ले गए। वहां उन्होंने लड़की को दीपचंद नाम के व्यक्ति को 25 हजार रुपए में बेच दिया।




दीपचंद पीड़िता को रामपुर जिले के मिलक थाना क्षेत्र के ग्राम भोजपुरा ले गया। वहां उसने कई दिनों तक पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया।
14 मई को पीड़िता किसी तरह वहां से भागने में सफल रही और अपने घर पहुंची। उसने परिवार को पूरी घटना की जानकारी दी।
जहानाबाद थानाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्रा के अनुसार, कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है। मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## शार्ट न्यूज

### महोबा में गर्भवती को सांप ने डसा, मौत

**महोबा।** महोबा के श्रीनगर कस्बा में एक गर्भवती महिला की मौत के बाद जिला अस्पताल में परिजनों ने हंगामा किया। भूरी (22), जो 4 माह की गर्भवती थी। रविवार को घर पर बर्तन धोते समय जहरीले कीड़े ने काट लिया। परिजन तुरंत उसे जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने करीब एक घंटे तक इलाज किया। इस दौरान परिजनों से 1150 रुपए का इंजेक्शन बाहर से मंगवाया गया। परिजनों का कहना है कि महिला की हालत लगातार बिगड़ती रही। डॉक्टरों पर आरोप है कि उन्होंने न तो समय पर रेफर किया और न ही उचित इलाज दिया। महिला की मृत्यु के बाद ही उसे हायर सेंटर रेफर किया गया। रास्ते में परिजनों को पता चला कि महिला की सांसें पहले ही थम चुकी थीं। परिजन शव के साथ अस्पताल लौटे और प्रदर्शन किया। उनका आरोप था कि डॉक्टरों ने जिम्मेदारी से बचने के लिए मृत्यु के बाद रेफर किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। करीब एक घंटे के विरोध प्रदर्शन के बाद मामला शांत हुआ। मृतका का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने कहा है कि मामले की जांच की जा रही है।

### कानपुर में करंट लगने से युवक की मौत

**कानपुर।** गुजैनी के तात्याटोपे नगर में किराए पर रहने आए युवक की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई। युवक घर पर पानी की टंकी साफ कर नीचे उतर रहा था, इसी दौरान रेलिंग के पास से गुजरी लाइन में छू गया। करंट की चपेट में आने से युवक धमाके के साथ आग के गोले में तब्दील हो गया। मूलरूप से हमीरपुर के कीरतपुर निवासी रावेंद्र कुमार (26) एक सप्ताह पहले ही कल्याणपुर में रहने वाले पाल जी के तात्याटोपे नगर स्थित मकान में किराए पर रहने आया था। यहां वह एक पान मसाला कंपनी में लोडिंग का काम करता था। शनिवार रात में रावेंद्र छत पर चढ़कर पानी की टंकी साफ कर रहा था। नीचे उतरने के दौरान पैर फिसलने से रेलिंग से जा टकराया, जिसके चलते रेलिंग के पास से गुजर रही एचटी लाइन की चपेट में आ गया, जिससे तेज धमाके के साथ वह आग के गोले में तब्दील हो गया। रावेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। तेज धमाका सुन लोग बाहर आए, तो आग लगी देख पुलिस को सूचना दी।

### मोबाइल विवाद में युवक की हत्या

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर के थाना मदनापुर क्षेत्र में मोबाइल विवाद ने एक युवक की जान ले ली। प्रतापपुर गहवरा निवासी 22 वर्षीय अरविंद कुमार कश्यप अपने घर के बाहर मोबाइल देख रहा था। इस दौरान एक 10 वर्षीय बच्चे ने मोबाइल मांगा। अरविंद ने मोबाइल देने से मना कर दिया। बच्चे ने मोबाइल छीनने की कोशिश की। इस दौरान मोबाइल गिरकर टूट गया। गुस्साए अरविंद ने बच्चे को पीट दिया। रोता हुआ बच्चा घर पहुंचा। बच्चे के पिता अपने साथियों के साथ मौके पर आए। उन्होंने अरविंद से गाली-गलौज की। विवाद बढ़ने पर बच्चे के पिता और उनके साथियों ने अरविंद को लात-घूंसों से पीटा। इस हमले में अरविंद की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, मृतक बीएलएड की पढ़ाई कर रहा था। वह दो भाइयों में छोटा था। उसका बड़ा भाई गोविंद कुमार मेरठ में मजदूरी करता है। मदनापुर थाना प्रभारी ने बताया कि मोबाइल विवाद में हुई मारपीट के बाद अस्पताल ले जाते समय युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तंबाकू व्यापारी की सड़क हादसे में मौत

**गोंडा।** गोंडा के नवाबगंज में रविवार रात साढ़े आठ बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। कोल्डस्टोरेज चौराहे से थाना चौराहे मार्ग पर शेखर नरसिंह होम के पास सड़क किनारे खड़े कंटेनर में एक बाइक सवार की टक्कर हो गई। हादसे में बिहार के समस्तीपुर निवासी 32 वर्षीय राजू की मौत हो गई। राजू तंबाकू का व्यापारी था और नगर के कहरान मोहल्ले में लल्लू जायसवाल के यहां रहकर तंबाकू की खरीददारी का काम करता था। दुर्घटना के समय वह कोल्डस्टोरेज चौराहे से तंबाकू गोदाम जा रहा था। स्थानीय लोगों ने बताया कि कंटेनर सुबह से ही सड़क किनारे खड़ा था। कंटेनर खराब होने के बावजूद चालक ने कोई चेतावनी संकेत नहीं लगाया था। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल राजू को सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष अभय सिंह के अनुसार, मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने कंटेनर को अपने कब्जे में ले लिया है। उल्लेखनीय है कि दुर्घटना के समय मृतक ने हेलमेट पहन रखा था।

### रायबरेली में मासूम को सांप ने डसा, मौत

रायबरेली। रायबरेली के शिवगढ़ थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। बैंती गांव में रविवार शाम जहरीले सांप के काटने से ढाई वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैंती में सर्प दंश से मासूम की मौत हो गई जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। गौरतलब हो कि ग्राम पंचायत बैंती में रविवार की शाम आशीष अवस्थी का ढ़ाई वर्षीय बेटा विराज घर के सामने मैदान में खेल रहा था तभी उसे किसी जहरीले सर्प ने डस लिया। जानकारी होते ही परिजन जिसे लेकर आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचे जहां चिकित्सक ने प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण के पश्चात उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत से पिता आशीष अवस्थी, मां रानी अवस्थी सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आशीष अवस्थी के एक बेटी और 2 बेटे थे जिसमें विराज सबसे छोटा था।

## एसपी ने लगातार भारी बारिश के कारण डैम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक, द्वारा जनपद में लगातार होने वाले भारी वर्षा के दृष्टिगत गोविन्द सागर डैम पर भ्रमणशील रहकर,सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर संबंधित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा जनपद में लगातार होने वाले भारी वर्षा के दृष्टिगत गोविन्द सागर डैम आदि जगहो पर भ्रमणशील रहकर, सुरक्षा व्यवस्था का जायाजा लिया गया तथा संबंधित को अधि0/कर्म0गण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । भ्रमण के दौरान मौजूद बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत हेल्पलाइन न0 1090/112/साइबर हेल्प लाइन न0- 1930 आदि व शासन द्वारा संचालित सरकारी योजनाओं के बारे मे जागरूक किया गया ।

# निर्माणाधीन मकान का लेंटर गिरा: दबने से दो मजदूर की मौत

**कन्नौज।** कन्नौज के निर्माणाधीन मकान का लेंटर गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई। एक मजदूर गंभीर रूप से घायल है। लेंटर गिरते ही चीख पुकार मच गई। लोगों तुरंत मलबे को हटाना शुरू किया। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची ने घायलों अस्पताल पहुंचाया।
जहां उनका इलाज चल रहा है। मौके पर बचाव कार्य चल रहा है। हादसा रविवार शाम को हुआ। मृतकों की पहचान श्यामजीत (28) और ज्ञानेंद्र दोहरे (32) के रूप में हुई है। मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के उत्तिमापुर पट्टी गांव का है।

### आब जाने क्या है पूरा मामला

उत्तिमापुर पट्टी गांव के रहने वाले



अजय कुमार के मकान का निर्माण पिछले 15 दिनों से चल रहा था। जिसमें रविवार को लेंटर डाला जा रहा था। जहां अनौगी खेड़ा गांव के श्यामजीत और भवानीपुर अन्नौगी निवासी ज्ञानेंद्र के साथ 15 मजदूर काम करने पहुंचे थे।
सुबह से शटरिंग का काम चल रहा था। दोपहर बाद ढलाई का काम शुरू हुआ। तभी शाम लगभग 4 बजे अचानक शटरिंग समेत लेंटर नीचे गिर गई। इस हादसे में तीन मजदूर मलबे में दब गए। जिसमें दो की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि हादसे में टिल्लू दोहरे (26) घायल है।
एक मजदूर ने बताया कि हम उत्तमपट्टी में अजय कुमार के घर लेंटर डालने आए थे। हम कुल 15 लोग थे। सुबह से ही लेंटर डालेगा का काम चल रहा था। लगभग आधा लेंटर डाला जा चुका था। आधा काम बाकी था।
जब दूसरी बार मसाला ऊपर डाला जाने लगा तभी बीच की बल्ली टूट गई। हम 12 लोग फटाफट छत से कूद गए। हादसे में तीन लोग दब गए। इसमें दो की मौके पर मौत हो गई। हम लोगों ने फटाफट सभी को बाहर निकाला। जिसमें एक मजदूर घायल है।

# मेरठ के होटल में बर्थडे पार्टी में चली गोलियां

## डीजे पर गाना बजाने को लेकर दो गुटों में हुआ विवाद, 24 लोगों पर मुकदमा

मेरठ। मेरठ के लालकुर्ती थाना क्षेत्र स्थित 22-बी होटल में बुधवार रात बर्थडे पार्टी के दौरान गोलीबारी का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में 24 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जबकि एक युवक को मौके से अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।
घटना बाउंड्री रोड स्थित पंकज जॉली के होटल की है। होटल में दो अलग-अलग पार्टियां चल रही थीं। मचान रेस्टोरेंट में दमनजीत सिंह की पार्टी में 18-20 लोग थे। वहीं ट्री हाउस कैफे में अवि बजाज की पार्टी में 6 लोग मौजूद थे। दोनों पार्टी में शामिल लोगों ने शराब पी रखी थी। विवाद डीजे पर गाना बजाने को लेकर शुरू हुआ। अवि बजाज की पार्टी में शामिल पुनीत आहूजा और दमनजीत की पार्टी के वंश अरोड़ा के बीच कहासुनी हुई। दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और लाठी-डंडे चलने लगे।
इसी दौरान पुनीत आहूजा ने अवैध पिस्तौल से कई राउंड फायर किए। दमनजीत की ओर से भी फायरिंग की गई। सूचना मिलते ही लालकुर्ती थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह जादौन मौके पर पहुंचे। उन्होंने होटल को सील कर 15-20 लोगों को हिरासत में ले लिया। जिनके विरुद्ध शांति भंग में चालान काटा गया था। पुलिस ने पुनीत आहूजा को अवैध पिस्तौल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अन्य पकड़े गए आरोपियों का शांति भंग में चालान किया गया है। होटल में देर रात विदेशी शराब परोसी जा रही थी। होटल मालिक पंकज जॉली की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

### पार्टी में परोसी जा रही थी विदेशी शराब

पुलिस के अनुसार उन्हें करीब 1 1: 00 बजे सूचना दी गई। जबकि यह स्त्रचना पंकज जॉली या उनके स्टाफ द्वारा दी जानी थी। लेकिन पार्टी में शामिल लोगों से उन्हेंघटना का पता चला। पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे तो बिना अनुमति के ही पार्टी में विदेशी शराब परोसी जा रही थी। ऐसे में होटल की जांच के लिए आबकारी विभाग को भी पुलिस द्वारा सूचना दी गई। बता दें कि पूर्व में कैंट बोर्ड द्वारा होटल पर कई बार सील लगाई गई है।

# नदी में डूबे 2 युवकों की मिली लाश मची चीख-पुकार

### मछली मारते समय डूबने लगे 5 दोस्त, तैरकर बाहर आ गए थे 3 दोस्त

**गोरखपुर।** गोरखपुर के गोरखनाथ थाना क्षेत्र में रोहिन नदी में मछली पकड़ने गए दो युवक शनिवार की शाम डूब गए थे। रविवार की शाम दोनों की लाश उतराती हुई मिली। जिसे बाहर निकलवाकर गोरखनाथ पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। दोनों युवकों की लाश देखकर घर में कोहराम मच गया। माता-पिता दहाड़ मारकर रोने लगे।
गोरखनाथ थाना क्षेत्र के रामनगर नयागांव के पास पांच युवक रोहिन नदी में मछली पकड़ने गए थे। इसी दौरान वह डूबने लगे। तीन युवक तैरकर बाहर आ गए। लेकिन, तकिया कवलदह निवासी हसमत अली उर्फ गोलू (24) और रसूलपुर अजयनगर निवासी सिराज अहमद उर्फ घंटू (28) गहरे पानी में जाने की वजह से डूब गए।
काफी देर बाद भी वह बाहर नहीं आए। सूचना पर स्थानीय पार्षद जुबेर अहमद और गोरखनाथ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। गोताखोरों ने नदी में उनकी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। दोनों युवक मजदूरी करते थे।

# भरी बारिश के चलते बाढ़ से बचाव हेतु जिला प्रशासन अलर्ट

## विभागों की जिम्मेदारी तय कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

ललितपुर। 13 जुलाई रविवार जनपद में हो रही लगातार बारिश के कारण आमजन की सुरक्षा एवं बाढ़ से बचाव के दृष्टिगत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सभी विभागों की जिम्मेदारी तय करते हुए दिशा निर्देश जारी किए हैं, जिसके तहत।
पुलिस विभाग द्वारा तटबन्धों पर पेट्रोलिंग, बाढ प्रभावित क्षेत्रों में कानून व्यवस्था, बाढ चौकियों पर सुचारू रूप से राहत सामग्री वितरण हेतु पुलिस बल की व्यवस्था, वी0आई0पी0 आगमन पर कानून व्यवस्था तथा NDRF/PAC/SDRF के साथ समन्वयक स्थापित किया जाएगा।
विकास एव पंचायतीराज विभाग द्वारा बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों का सर्वे, साफ-सफाई एंव स्वच्छता, बाढ़ चौकियों व बाढ़ शरणालयों पर कर्मचारियों की ड्यूटी, राहत वितरण में कर्मचारियों की ड्यूटी, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, हेन्डपम्पों की



मरम्मत एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जाएगा। चिकित्सा विभाग द्वारा बाढ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों का सर्वे, आवश्यक दवाईयां एंव एम्बुलेन्स की उपलब्धता, टीकाकरण, सर्पदंश के दवा का पर्याप्त स्टॉक, बाढ़ चौकियों पर कर्मचारियों की तैनाती तथा बाढ के दौरान क्या करें, क्या न करें के बारे में लागों को जागरूक किया जाएगा।
पशुपालन विभाग द्वारा भूसा बंटने के स्थान को चिन्हित करना, भूसा कय हेतु आवश्यक कार्यवाही, पशु शरणालय, पशुओं का सर्वे व टीकाकरण, बाढ चौकियों पर आवश्यक दवाइओं, एम्बुलेंस की व्यवस्था एवं सचल मेडिकल दल का गठन किया जाएगा। स्थानीय निकाय द्वारा शहरी क्षेत्रों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था व साफ-सफाई, स्वच्छ पेय जल की व्यवस्था, मोबाइल शौचालय का प्रबन्धन व शहरी बाढ प्रबन्धन हेतु आवश्यक कार्य किए जाएंगे।
खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा खाद्य वस्तुओं का समुचित स्टॉक, ईंधन की उपलब्धता एवं स्थानीय दुकानों से समन्वयक किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा बाढ से प्रभावित क्षेत्रों में पहुँचने के लिए सम्पर्क मार्गों की मरम्मत, सम्पर्क मार्गों पर जल निकासी की व्यवस्था, क्षतिग्रस्त पुलियों की मरम्मत हेतु आवश्यक कार्यवाही, हेलीपैड हेतु आवश्यक कार्यवाही एवं डेमवा घाट के मरम्मत हेतु कार्यवाही की जाएगी।

## बागपत में पुलिस मुठभेड़ में वाहन चोर गिरफ्तार

**बागपत।** बागपत कोतवाली पुलिस ने अहेडा रोड पर हुई मुठभेड़ में एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गाजियाबाद के ट्रोनिका सिटी निवासी रितेश के रूप में हुई है। मुठभेड़ में घायल होने के बाद उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी किया गया एक कैंटर, एक अवैध तमंचा, दो जिंदा और दो खोखा कारतूस बरामद किए हैं। यह कैंटर सिसाना रोड स्थित पक्का तालाब के पास से 10 जुलाई को चोरी किया गया था। भाजपा सभासद निगम शर्मा ने इस संबंध में कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी।

## डीआईजी ने 28 वीं पुलिस अन्तर्जनपदीय जोनल पुलिस फुटबॉल प्रतियोगिता का किया शुभारम्भ

# खेलकूद से टीम भावना व अनुशासन बनाये रखने में मिलती है मदद : डीआईजी

**ललितपुर ।** झांसी जनपद जालौन की मेजबानी में आयोजित 28वीं पुलिस अन्तर्जनपदीय कानपुर जोन, कानपुर की पुलिस फुटबॉल प्रतियोगिता (महिला/पुरूष) 2025 का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र झाँसी केशव कुमार चौधरी द्वारा इन्दिरा स्टेडियम उरई जनपद जालौन में किया गया ।28 वीं पुलिस अन्तर्जनपदीय जोनल पुलिस फुटबॉल प्रतियोगिता में कानपुर जोन के जनपद कानपुर नगर, कानपुर देहात, फतेहगढ़, औरैया, कन्नौज, इटावा, झाँसी जालौन, ललितपुर की कुल 09 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया है। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि महोदय द्वारा




समस्त खिलाडियों एवं उनके प्रशिक्षकों का परिचय प्राप्त किया गया। इसके उपरान्त सभी खिलाडियों द्वारा राष्टगीतों की बैन्ड की धुनों पर के साथ मच से गुजरते हुए मार्चपास्ट किया गया। डीआईजी द्वारा अपने उद्बोधन में बताया कि मानव जीवन में खेलकूद का महत्वपूर्ण स्थान है। खेल शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाते हैं। साथ ही मानसिक अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। पुलिस महकमे में खेलकूद से न केवल अनुशासन बनाने में सहायता मिलती है, बल्कि पुलिसकर्मियों को मानसिक तनाव से भी राहत मिलती है। खेल तनाव कम करने का प्रभावी माध्यम हैं। मुख्य अतिथि डीआईजी द्वारा पुलिस फुटबाल प्रतियोगिता खेलने हेतु प्रोत्साहित कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ फुटबाल में किक मारकर किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ0 दुर्गेश कुमार ,अपर पुलिस अधीक्षक जालौन प्रदीप कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी जनपद जालौन, क्षेत्राधिकारी लाइन्स उमेश कुमार पाण्डेय सहित जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक पारस नाथ चौधरी व अन्य अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# कन्नौज में नाबालिग लड़कियों की तस्करी का खुलासा, दो लड़कियां बरामद

कन्नौज। कन्नौज में एक गंभीर मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति गरीब परिवारों की नाबालिग लड़कियों को मुंबई भेजकर बेचने का धंधा चला रहा था।
पुलिस ने एक पिता की शिकायत पर 55 वर्षीय फारुख को गिरफ्तार किया है।
सदर कोतवाली क्षेत्र की कांशीराम कालोनी ईदगाह निवासी फारुख अपने दो बेटों और दामाद के साथ मिलकर यह काम करता था। वह 10 से 16 साल की गरीब लड़कियों को अपना निशाना बनाता था।
परिवारों को जमीन, मकान और पैसों का लालच देकर उनकी बेटियों को मुंबई ले जाता था।

### जांच में जुटी पुलिस

एक पीड़ित पिता ने बताया कि फारुख ने उन्हें भी जमीन, मकान और कार का लालच दिया था। बेटी को एक महीने के लिए मुंबई ले जाने की बात कही थी। स्टेशन पर फारुख ने कहा कि अब चार साल तक बेटी को भूल जाएं और किसी को नहीं बताएं। बेटी से संपर्क टूटने पर पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।
पुलिस ने दो लड़कियों को बरामद कर लिया है। उन्हें काउंसलिंग के लिए आशा ज्योति केंद्र भेजा गया है। ईदगाह कालोनी और नगर कोटि मोहल्ले की कांशीराम कालोनी से भी कुछ किशोरियां लापता बताई जा रही हैं।
फारुख के रसूखदार संपर्कों के कारण लोग उसका विरोध करने से डरते हैं। पुलिस अधिकारी इस मामले पर टिप्पणी करने से बच रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### रूस ने पोलिश वाणिज्य दूतावास बंद किया

**मास्को, एजेंसी।** रूस ने शुक्रवार को पोलैंड के एक वाणिज्य दूतावास को बंद करने का आदेश दिया। यह दूतावास रूस के कैलिनिनग्राद शहर में था। यह फैसला रूस और पोलैंड के बीच बढ़ते तनाव के चलते लिया गया है। पोलैंड ने पहले अपने शहर क्राको में रूस का एक वाणिज्य दूतावास बंद कर दिया था। रूस का कहना है कि यह नया फैसला पोलैंड की उसी कार्रवाई का जवाब है। रूस ने कहा, अगर कोई हमारे खिलाफ गलत कदम उठाएगा, तो उसका जवाब जरूर दिया जाएगा। पोलैंड ने क्राको में रूसी दूतावास इसलिए बंद किया था, क्योंकि राजधानी वारसॉ के एक शॉपिंग सेंटर में आग लग गई थी। पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने आरोप लगाया कि यह आग रूस की खुफिया एंजेंसियों ने लगवाई थी। यह आग 12 मई 2024 को लगी थी। हालांकि, इसमें कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन इसमें 1,400 दुकानें और सर्विस सेंटर तबाह हो गए। इनमें से कई दुकानें वियतनामी लोगों की थीं। रूस ने इन आरोपों से साफ इनकार किया है। उसने कहा है कि पोलैंड में आगजनी और दूसरी घटनाओं से उसका कोई लेना-देना नहीं है।

### शेख हसीना के करीबी अर्थशास्त्री अबुल बरकत गिरफ्तार

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना के एक और नजदीकी पर गाज गिरी है। बांग्लादेश पुलिस की जासूसी शाखा (डीबी) ने बृहस्पतिवार आधी रात को प्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रो. अबुल बरकत को गिरफ्तार किया। उन पर एनॉनटेक्स समूह से जुड़े 297 करोड़ टका की हेराफेरी का आरोप है। वह हसीना कार्यकाल में सरकारी स्वामित्व वाले जनता बैंक के अध्यक्ष थे। ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस आयुक्त नसीरुल इस्लाम ने बताया, हमने अबुल बरकत को एसीसी (भ्रष्टाचार विरोधी आयोग) मामले में आरोपी के तौर पर गिरफ्तार किया है। हम उन्हें एसीसी को सौंप देंगे। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, अवामी लीग के शासनकाल में अबुल बरकत सहित 30 लोगों के खिलाफ एनोंटेक्स नामक कंपनी द्वारा ऋण धोखाधड़ी के जरिये करोड़ों टका का गबन करने का मामला दर्ज किया गया था।

### यूरोपीय संघ के नौसैनिक मिशन ने कहा- हमले में चार लोगों के मारे जाने की आशंका, 11 लापता

**दुबई, एजेंसी।** यूरोपीय संघ के नौसैनिक मिशन ने शुक्रवार को बताया कि यमन के हूती विद्रोहियों के हमले के बाद एक मालवाहक जहाज लाल सागर में डूब गया। इस जहाज पर लाइबेरिया का झंडा था। नौसैनिक मिशन ने कहा कि हमले में कम से कम चार लोगों के मारे जाने और 11 अन्य के लापता होने की आशंका है। यह जानकारी यूरोपीय संघ के ऑपरेशन एस्पाइड्स नाम के नौसैनिक मिशन ने दी। यह घटना ऐसे समय हुई है जब निजी सुरक्षा बल यूनानी स्वामित्व वाले जहाज एटरनिटी सी के बचे हुए लोगों की तलाश कर रहे हैं। यह जहाज बुधवार को डूब गया था। यूरोपीय संघ के अभियान के अनुसार, हमले के बाद अब तक 10 लोगों को बचा लिया गया है। इनमें 8 फिलिपिनो चालक दल के सदस्य हैं। बाकी दो जहाज की तीन सदस्यीय सुरक्षा टीम से हैं- इनमें एक यूनानी और एक भारतीय शामिल हैं। मिशन ने बताया कि 15 लोग लापता हैं, जिनमें से चार की मौत होने की आशंका है। यूरोपीय संघ मिशन ने कहा, आस-पास के सभी जहाजों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। हूती विद्रोहियों ने कहा कि कुछ चालक दल के सदस्य उनके कब्जे में हैं। एक दशक से सऊदी अरब से संचालित यमन में अमेरिकी दूतावास ने हूतियों पर नाविकों का अपहरण करने का आरोप लगाया है। ईरान समर्थित हूतियों द्वारा किया गया यह हमला अब तक के सबसे घातक समुद्री हमलों में से एक है, जो इस महत्वपूर्ण व्यापारिक रास्ते पर किया है। इस रास्ते से पहले हर साल करीब 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का माल जाता था। हूती विद्रोहियों का कहना है कि वे इस्राइल-हमास युद्ध के दौरान गाजा पट्टी में फलस्तीनियों का समर्थन करने वाले जहाजों पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह अब तक चार जहाजों को डुबो चुके हैं और उन नाविकों को मार चुके हैं, जिनकी युद्ध में कोई प्रत्यक्ष भूमिका नहीं थी। एटरनिटी सी पर हमला पिछले हफ्ते मैजिक सीज नाम के जहाज पर हुए हमले जैसा ही था। इन दोनों घटनाओं के समय कोई यूरोपीय या अमेरिकी नौसेना इन जहाजों के साथ नहीं थी। हूतियों ने पहले भी नाविकों को बंधक बनाया है। नवंबर 2023 में उन्होंने गैलेक्सी लीडर नामक जहाज को कब्जे में ले लिया था और उसके चालक दल को इस साल जनवरी तक बंधक बनाकर रखा।

### टेक्सास में बाढ़ पीड़ितों से मिले ट्रंप, बोले- ऐसी तबाही पहले कभी नहीं देखी, फेमा पर साधी चुप्पी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को टेक्सास के केरविल शहर का दौरा किया, जहां 4 जुलाई को आई भीषण बाढ़ ने भारी तबाही मचाई थी। इस बाढ़ में अब तक कम से कम 120 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 170 से ज्यादा लोग लापता हैं। ट्रंप ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और राहत कार्यों में जुटे स्थानीय अधिकारियों की सराहना की। इस दौरान उन्होंने पहली बार भावुक लहजे में कहा कि उन्होंने ऐसी तबाही पहले कभी नहीं देखी। ट्रंप लंबे समय से फेडरल इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी (फेमा) को खत्म करने की बात करते रहे हैं। लेकिन टेक्सास में भारी नुकसान देखने के बाद उन्होंने फेमा की भूमिका पर कोई टिप्पणी नहीं की। इसके बजाय उन्होंने कहा कि हम जो भी कर सकते हैं, टेक्सास के लिए करेंगे। ट्रंप ने 8 और काउंटियों को डिजास्टर जोन घोषित कर, उन्हें फेडरल मदद दिलाने का ऐलान भी किया। ट्रंप ने केरविल में आपातकालीन संचालन केंद्र का दौरा किया और कहा कि यहां जो लोग खोज और बचाव अभियान चला रहे हैं, वे अविश्वसनीय हैं। ऐसा काम शायद ही कोई कर पाए। उन्होंने 'कैंप मिस्टिक' का विशेष रूप से जिक्र किया, जहां 27 लड़कियों की मौत हुई। मेलानिया ट्रंप ने भी स्थानीय युवतियों से मुलाकात की, जिन्होंने उन्हें एक खास ब्रेसलेट भेंट किया, जो मृत बालिकाओं की याद में बनाया गया था। पहले के विपरीत इस दौरे में ट्रंप ने राजनीतिक बयानबाजी से परहेज किया। उन्होंने कहा कि मैं राजनीति की बात नहीं करना चाहता। हम यहां पीड़ितों के लिए आए हैं। हालांकि उन्होंने एक बार फिर दावा किया कि उनकी नीतियों से देश में अंडों के दाम घटे हैं। इस दौरान उन्होंने फेमा को लेकर भी सकारात्मक बातें कहीं, जो कि कुछ हफ्ते पहले तक बंद करने की उनकी योजना का हिस्सा थी। उन्होंने टेक्सास के सांसद चिप रॉय की भी तारीफ की, जिन्होंने पहले ट्रंप के टैक्स बिल का विरोध किया था। ट्रंप ने कहा कि चिप आसान नहीं हैं, लेकिन अच्छा काम करते हैं। केर काउंटी कमिश्नर जेफ होल्ट ने बताया कि बाढ़ के दौरान फोन टावर काम नहीं कर रहे थे और चेतावनी प्रणाली में भी सुधार की जरूरत है।

ट्रंप सरकार की बड़ी कार्रवाई :

# 1300 राजनयिकों और कर्मचारियों की छंटनी से विदेश विभाग में मचा हड़कंप

**वाशिंगटन, एजेंसी।** ट्रंप प्रशासन की नीतियों के तहत विदेश विभाग में बड़े स्तर पर बदलाव किया जा रहा है। इसके तहत विदेश विभाग ने 1,300 राजनयिकों और सिविल सेवकों को नौकरी से निकाल दिया, जिससे विवाद और आलोचना शुरू हो गई है। इनमें 1,107 सिविल सेवक और लगभग 240 विदेश सेवा अधिकारी शामिल हैं। वाशिंगटन पोस्ट ने इस आश्य की खबर दी है। विदेश विभाग इस कदम को ड्रास्टिक पुनर्गठन का हिस्सा बता रहा है। इसका उद्देश्य बजट में कटौती के साथ साथ विभाग को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना बताया जा रहा है। हालांकि, इस पर विपक्ष की ओर से तीखी आलोचना भी हो रही है।



**विवाद और चिंता की लहर :** राजनयिक व पूर्व कर्मचारी इसे विदेश नीति में अस्थिरता पैदा करने वाला कदम बता रहे हैं। उनका कहना है कि बड़े पैमाने पर छंटनी से अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय छवि और कामकाज प्रभावित हो सकता है।

**ट्रंप प्रशासन के फैसले पर प्रतिक्रिया :** पूर्व राजनयिकों ने इसे संस्थानिक अनुभव की बर्बादी बताया है। अमेरिकी कांग्रेस में डेमोक्रेट्स ने इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि यह राजनयिक ताकत को कमजोर करने वाला कदम है। कुछ रिपब्लिकन नेताओं ने भी निजी रूप से चिंता जाहिर की कि यह विदेश नीति को प्रभावित कर सकता है। कर्मचारी संघों ने इसे कठोर और अचानक फैसला बताया है जिससे कर्मचारियों का मनोबल टूट रहा है।

**ट्रंप प्रशासन के इस फैसले के कुछ अछूते पहलू :** कांग्रेस में इस छंटनी पर हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी में सुनवाई की मांग की जा रही है। बर्खास्त कर्मचारियों के लिए लीगल सपोर्ट ग्रुप्स और एनजीओ सक्रिय हो चुके हैं। विदेश विभाग की ओर से कहा गया है कि कुछ पदों को संविदा में बदला जाएगा, जिससे खर्च घटेगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, कुछ वरिष्ठ अधिकारी वैकल्पिक रोजगार की तलाश में निजी सेक्टर की ओर रुख कर रहे हैं।

**दूतावासों और मिशनों में कार्यभार बढ़ गया :** महिला राजनयिकों और अल्पसंख्यकों की बर्खास्ती की संख्या अपेक्षाकृत अधिक बताई जा रही है, जिससे विविधता पर असर पड़ा है। इस निर्णय से दूतावासों और मिशनों में कार्यभार बढ़ गया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका की प्रतिक्रिया समय प्रभावित हो रही है। विदेश नीति विश्लेषकों का मानना है कि ऐसे कदम से ग्लोबल डिप्लोमैटिक रिलेशंस कमजोर हो सकते हैं। अमेरिका के कुछ सहयोगी देश भी इस पर चिंता जता चुके हैं, खासकर जहां दूतावासों का स्टाफ घटा है।

**क्यों की गई 1,300+ लोगों की छंटनी ? :** ट्रंप सरकार ने अपने अमेरिका फर्स्ट एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए विदेश विभाग में ढांचा बदलने का फैसला किया। इसका मकसद अमेरिकी हितों को प्राथमिकता देना और विदेशों में होने वाले खर्चों में कटौती करना था।

**ब्यूरोक्रेसी घटाना, काम की रफ्तार बढ़ाना :** लगभग 300 से अधिक विभागों और कार्यालयों को मिलाया या बंद किया गया ताकि प्रशासनिक प्रक्रिया तेज़ और सरल हो सके। इससे निर्णय लेने में देरी कम होगी और कामकाज बेहतर होगा।

**सरकारी खर्च में कटौती और बजट की बचत :** सरकार ने अनुमान लगाया कि इस छंटनी से लगभग 15-18प्रतिशत खर्च घटेगा। करीब 1,900 पदों को हटाने की योजना बनाई गई, जिनमें से 1,300 पदों पर अभी की छंटनी लागू की गई है। यह कदम बजट में भारी दबाव को कम करने के लिए उठाया गया।

## म्यांमार में बौद्ध मठ पर बमबारी, चार बच्चों समेत 23 की मौत; सागाइंग कस्बे में रात 1 बजे गिराए बम

**बैंकॉक, एजेंसी।** म्यांमार के सागाइंग कस्बे के लिन ता लू गांव स्थित एक बौद्ध मठ पर बृहस्पतिवार की रात जमकर हवाई हमले किए गए। मठ परिसर में शरण लिए 23 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 लोग घायल हो गए। इनमें से 10 की हालत गंभीर है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक इमारत पर रात 1 बजे बम गिराया गया, जहां 4 बच्चों समेत 23 लोग मारे गए। क्षेत्र में लड़ाई से बचने के लिए आसपास के गांवों के 150 से अधिक लोगों ने शरण ली हुई थी। म्यांमार की स्वतंत्र डेमोक्रेटिक वॉयस ऑफ बर्मा ने बताया, मृतक संख्या 30 तक हो सकती है। सेना ने घटना पर टिप्पणी नहीं की है।

दरअसल, फरवरी 2021 में सेना द्वारा आंग सान सू की की निर्वाचित सरकार से सत्ता हथियाने और गृह युद्ध शुरू होने के बाद से म्यांमार उथल-पुथल में है। मठ पर हमला ऐसे वक्त हुआ, जब सैकड़ों सैनिकों ने लिन ता लू से 5 किमी क्षेत्र में टैंकों-विमानों के साथ आक्रामक अभियान में भाग लिया था। वे प्रतिरोध समूहों द्वारा नियंत्रित क्षेत्र वापस लेना चाहते थे। प्रतिरोध सेनानी ने कहा, यहां हजारों लोग गांवों में विस्थापित हो गए हैं।

विपक्ष की राष्ट्रीय एकता सरकार के प्रवक्ता ने कहा, सैन्य शासन वर्ष के अंत में होने वाले आम चुनाव से पहले विद्रोही नियंत्रण वाले क्षेत्रों पर फिर से कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। इस सर्वेक्षण को व्यापक रूप से मतपेटी के माध्यम से सेना द्वारा सत्ता पर कब्जा करने को सामान्य बनाने का प्रयास बताया जा रहा है।

## ईरान ने 16 दिन में 5 लाख अफगानियों को निकाला : इजराइल से संघर्ष के बाद शरणार्थियों पर कार्रवाई तेज

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान ने महज 16 दिनों में 5 लाख से ज्यादा अफगान नागरिकों को देश से बाहर निकाल दिया है। यह कार्रवाई 24 जून से 9 जुलाई के बीच हुई है। यानी हर दिन औसतन 30,000 से ज्यादा अफगानों को देश से निकाला गया। संयुक्त राष्ट्र ने इसे दशक की सबसे बड़ी जबरन निकासी में से एक करार दिया है। ईरान इजराइल के साथ तनावपूर्ण संघर्ष के बाद आंतरिक सुरक्षा का हवाला देकर प्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है। ईरान ने मार्च 2025 में ऐलान किया था कि अवैध रूप से रह रहे अफगान प्रवासी 6 जुलाई तक देश छोड़ दें, वरना उन्हें जबरन निकाला जाएगा। जून में ईरान और इजराइल के बीच 12 दिन चले सैन्य संघर्ष के बाद यह अभियान और तेज हो गया।



### शरणार्थी बोले- हमें भूखा रखा गया, पीटा गया, लूटा गया

ईरान से निर्वासित हुए एक अफगान शरणार्थी बशीर ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि अधिकारियों ने उससे 17 हजार रुपए मांगे। फिर दो दिन डिटेंशन सेंटर में रखा। इस दौरान न खाना दिया गया और न ही पानी। बशीर के मुताबिक अधिकारी उसे गालियां देते थे। एक दूसरे युवक ने बताया कि उसके पिता को जासूसी के आरोप में पकड़कर बेड़ियों में बांधा गया। उन्हें खाना-पानी नहीं दिया गया और बाद में डिटेन करके अफगानिस्तान भेज दिया। द गार्जियन से बात करते हुए एक अफगान महिला ने बताया कि, ईरानी अधिकारी रात में आए। उन्होंने बच्चों के कपड़े तक नहीं लेने दिए। हमें कूड़े की तरह फेंक दिया। रास्ते में बैंक कार्ड से पैसे निकाल लिए। पानी की बोतल के 80 रुपए और सैंडविच के 170 रूपए वसूले।

ईरान से निकाले गए लोगों में सैकड़ों नाबालिग बच्चे हैं, जिनमें कई अनाथ और अकेले हैं।

यूएन के अनुसार, हर हफ्ते सैकड़ों बच्चों को बिना अभिभावकों के सीमा पर पाया जा रहा है। यूएन अधिकारी मिहयोंग पार्क ने सीएनएन से कहा कि यह संख्या चौंकाने वाली है।

### आरोपी को टीवी पर जुर्म कुबूल कराया

ईरान के सरकारी चैनल पर एक अफगान नागरिक को इजराइल के लिए जासूसी कबूल करते दिखाया गया। उसने कहा कि उसे जर्मनी में रहने वाले एक अफगान ने कुछ जगहों की जानकारी देने के लिए कहा और 2 हजार डॉलर दिए। लेकिन उसका नाम, ठोस सबूत और प्रक्रिया कुछ भी नहीं बताया गया।

## कतर में अमेरिकी बेस पर गिरी थी ईरान की मिसाइल : अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने पुष्टि की

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने पहली बार पुष्टि की है कि 22 जून को कतर में मौजूद उसके मिलिट्री एयरबेस पर ईरान की एक बैलिस्टिक मिसाइल गिरी थी। पेंटागन के प्रवक्ता शॉन पर्नेल ने शुक्रवार को कहा कि मिसाइल से बेस पर सामान और ढांचे को हल्का नुकसान हुआ है। लेकिन एयरबेस अभी भी पूरी तरह चालू है और अमेरिका अपने कतरी साझेदारों के साथ मिलकर क्षेत्रीय सुरक्षा मिशन को जारी रखे हुए है। ईरान ने अपने परमाणु ठिकानों पर हमलों का बदला लेने के लिए कतर में अमेरिका के अल-उदीद एयर मिलिट्री बेस को निशाना बनाया था। उसने कुल 6 मिसाइलें दागी थीं। ईरान की इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने भी हमले की पुष्टि करते हुए बताया था कि उसने कतर में अमेरिका के बेस पर जवाबी मिसाइल हमला किया है।




### सैटेलाइट इमेज से हुआ खुलासा

यह बयान एसोसिएटेड प्रेस की तरफ से जारी की गई सैटेलाइट तस्वीरों के बाद आया। इनमें एयरबेस पर हमले का असर साफ दिखता है। तस्वीरों के मुताबिक, 23 जून की सुबह एयरबेस पर एक जियोडेसिक डोम मौजूद था, जो हमले के बाद पूरी तरह नष्ट हो चुका है। यह डोम एक सैटेलाइट कम्युनिकेशन टर्मिनल को ढंकता था। इस टर्मिनल को 2015 में 15 मिलियन डॉलर की लागत से तैयार किया गया था। इसके अंदर एक सैटेलाइट डिश लगी हुई थी। जो अमेरिकी वायु सेना की 379वीं वायु अभियान शाखा के लिए कम्युनिकेशन सिस्टम का हिस्सा थी। हमले के बाद की तस्वीरों में दिखा कि यह नहीं है और पास की एक इमारत को भी नुकसान हुआ है। हालांकि, एयरबेस का बाकी हिस्सा काफी हद तक सुरक्षित दिखता है।

### अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया था

अमेरिका ने 22 जून को ईरान के 3 परमाणु ठिकानों पर 7 बी-2 बॉम्बर से हमला किया था। इनमें फोर्डो, नतांज और इस्फहान शामिल थे। ईरानी परमाणु ठिकानों पर मिसाइल गिराने के करीब 13 घंटे बाद अमेरिकी रक्षा मंत्री और जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ जनरल डैन केन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इसमें जनरल डैन केन ने बताया कि ईरान में चले ऑपरेशन का नाम 'ऑपरेशन मिडनाइट-हैमर' था। इसमें 125 से ज्यादा जेट शामिल हुए थे। अमेरिकी हमलों के बाद ईरान के परमाणु ठिकानों की सैटेलाइट तस्वीरें भी सामने आईं।

## एमक्यूएम के संस्थापक अल्ताफ हुसैन की हालत गंभीर, लंदन के अस्पताल में भर्ती

**लंदन, एजेंसी।** लंदन से ही कराची को कंट्रोल करने की क्षमता रखने वाले मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम) के संस्थापक अल्ताफ हुसैन को गंभीर बीमारी के चलते अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अल्ताफ हुसैन 1992 से ही लंदन में निर्वासित जीवन जी रहे हैं। अल्ताफ ने मोहाजिरों के अधिकारों के लिए मोहाजिर कौमी मूवमेंट नाम की पार्टी बनाई थी। हालांकि जब उनकी पार्टी का नाम अलगाववादियों के साथ जोड़ा जाने लगा तो उन्होंने ही मोहाजिर की जगह मुत्ताहिदा कर दिया। ब्रिटेन की सरकार ने उन्हें नागरिकता दे दी है। लंदन में रहकर भी पाकिस्तान की राजनीति में उनका दबदबा बना ही रहता है। वह अकसर वीडियो के जरिए अपने राजनीतिक भाषण पहुंचाते रहते हैं।



एमक्यूएम नेता मुस्तफा अजीजाबादी ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी देते हुए कहा उनके टेस्ट किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से अल्ताफ हुसैन की अच्छी सेहत की दुआ करने की अपील की है। पाकिस्तानी अखबार डॉन से बात करते हुए अजीजाबादी ने कहा, तनाव से जूझ रहे अल्ताफ हुसैन के डॉक्टरों ने ब्लड ट्रांसफ्यूजन की सलाह दी थी। इसके अलावा अन्य बीमारियों का भी इलाज चल रहा है। फिलहाल वह लंदन के अस्पातल में आईसीयू में भर्ती हैं। 2021 में उन्हें कोरोना भी हो गया था।

**कौन हैं अल्ताफ हुसैन :** साल 2018 से पहले कराची में अल्ताफ हुसैन का सिक्का चलता था। कराची की राजनीति उनके इशारे पर चलती थी। हालांकि बाद के सालों में उनका रुतबा कम होने लगा। अल्ताफ हुसैन ऐसे राजनेता हैं जिन्होंने पाकिस्तान में रहने वाले करोड़ों मोहाजिरों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। विभाजन के बाद जो मुसलमान भारत से पाकिस्तान गए थे उन्हें मोहाजिर कहा जाता है। ज्यादातर मोहाजिर उर्दू भाषी हैं। हुसैन का जन्म 17 सितंबर 1953 को कराची में ही हुआ था। शुरुआती शिक्षा उन्होंने अजीजाबाद से ली। इसके बाद कराची यूनिवर्सिटी में फार्मेसी की पढ़ाई करने लगे। कराची विश्वविद्यालय में ही वह अजीम तारिक के संपर्क में आए। उन्होंने ऑल पाकिस्तान मोहाजिर स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन का गठन किया था। थोड़े ही समय में एपीएमएसओ की लोकप्रियता बढ़ी। इसके बाद हुसैन ने मोहाजिर कौमी मूवमेंट का स्थापना की। 1988 के चुनाव में सिंध के शहरी इलाकों में पार्टी ने क्लीन स्वीप कर दिया। वहीं 1990 में हुसैन खुद ही निर्वासित जीवन जीने के लिए लंदन चले गए।

**कराची को पाक से अलग करने की मांग :** हुसैन पर आरोप लगे कि सत्ता पाने के के लिए वह हिंसा कासहारा लेते हैं। वहीं हुसैन का कहना था कि उनके कार्यकर्ताओं पर लगातार हमले होते हैं। 2013 हुसैन ने कराची को पाकिस्तान से अलग करने की मांग कर दी थी। वहीं बाद में उनकी पार्टी ने सफाई दी और कहा कि उनकी बातों का गलत मतलब निकाला गया है।

**पाकिस्तान को बता दिया था दुनिया का कैंसर :** हुसैन ने अगस्त 2016 में अपने एक भाषण में पाकिस्तान को दुनिया का कैंसर बता दिया था। इसके बाद एमक्यूएम कार्यकर्ताओं ने एआरवाई न्यूज के ऑफिस पर हमला कर दिया। वहीं पाकिस्तानी एजेंसियों ने अजीजाबाद में हुसैन के घर पर और कराची हेडक्वार्टर पर छापा मारा। हुसैन की पार्टी के ही नेताओं ने उनसे दूरी बना ली और पार्टी के संविधान से उनका नाम भी हटा दिया। वहीं 2019 में ब्रिटिश पुलिस ने भी उनपर हिंसा के लिए उकसाने का आरोप लगाया। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। 2022 में एक अदालत ने उन्हें बाइज्जत बरी कर दिया।

## भोजन-पानी भी नहीं हो रहा नसीब, गाजा में सहायता केंद्रों के पास 798 लोगों की मौत, रिपोर्ट ने चौंकाया

**गाजा, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय (ओएचसीएचआर) ने गाजा में मचे कत्लेआम पर ताजा रिपोर्ट जारी की है। इसमें बताया गया कि गाजा में पिछले छह हफ्ते में सहायता वितरण केंद्रों और काफिलों के पास 798 लोगों की मौत हुई है। इनमें से 615 मौतें अमेरिका और इजरायल समर्थित गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) के केंद्रों के आसपास हुईं। 183 मौतें अन्य राहत समूहों के काफिलों के रास्ते में हुईं। ओएचसीएचआर के अनुसार, अधिकांश घायलों को गोली लगने से चोटें आईं। यह स्थिति मानवीय निष्पक्षता के मानकों का उल्लंघन करती है। संयुक्त राष्ट्र ने जीएचएफ के सहायता मॉडल को स्वाभाविक रूप से असुरक्षित करार दिया है और इसे अत्याचार अपराधों से जोड़ा है।



जीएचएफ ने संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों को झूठा और भ्रामक बताते हुए खारिज कर दिया। इसने दावा किया कि सबसे घातक हमले संयुक्त राष्ट्र के काफिलों से जुड़े हैं। जीएचएफ का कहना है कि उसने पांच सप्ताह में गाजा में 7 करोड़ से अधिक भोजन पैकेट बांटे गए हैं, जबकि अन्य मानवीय समूहों की सहायता को हमास या आपराधिक गिरोहों ने लूट लिया। दूसरी ओर, संयुक्त राष्ट्र ने सहायता लूट की घटनाओं की पुष्टि की है। विश्व खाद्य कार्यक्रम ने बताया कि गाजा में भोजन ले जाने वाले ज्यादातर ट्रकों को भूखे लोगों ने रोक लिया।

**सुरक्षा के उठाए गए कदम मगर :** इजरायल ने कहा कि वह अपने सैन्य अभियानों के दौरान सहायता आपूर्ति को हमास के हाथों में जाने से रोकने के लिए कदम उठा रहा है, जिसमें बाड़ और संकेत लगाना शामिल है। हालांकि, गाजा में 21 महीने से चल रही सैन्य कार्रवाई के कारण भोजन और अन्य बुनियादी आपूर्तियों की भारी कमी हो गई है। 23 लाख की आबादी में से अधिकांश विस्थापित हो चुके हैं। ओएचसीएचआर ने सहायता प्राप्त करने की कोशिश में मारे गए लोगों की जांच की मांग की है, ताकि इन हिंसक घटनाओं की वजहों का पता लगाया जा सके।

## भारत में घुसपैठ के लिए नेपाल पर पाकिस्तानी आतंकियों की नजर, टॉप अफसर की चेतावनी

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाली राष्ट्रपति के सलाहकार सुनील बहादुर थापा ने पाकिस्तान आधारित आतंकवाद को क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी आतंकी संगठन (जैसे- लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद) भारत में कई हमलों के लिए जिम्मेदार हैं। ये नेपाल को भारत पर हमले के लिए आवाजाही मार्ग के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। थापा ने यह बात काठमांडू में नेपाल इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन एंड एंगेजमेंट की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कही। इस उच्च-स्तरीय सेमिनार का विषय दक्षिण एशिया में आतंकवाद : क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा के लिए चुनौतियां रखा गया था।

कार्यक्रम में रणनीतिक विशेषज्ञों, राजनयिकों और शिक्षाविदों ने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान से उत्पन्न होने वाला आतंकवाद दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए खतरा है। नेपाल के पूर्व रक्षा मंत्री मिनेंद्र रिजाल ने बताया कि भारत में होने वाले आतंकवादी हमलों का नेपाल की आंतरिक सुरक्षा पर भी प्रभाव पड़ता है। सेमिनार में पाकिस्तान को आतंकवाद को प्रायोजित करने के लिए जिम्मेदार ठहराया गया, जिसने दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन को कमजोर किया है। इसने क्षेत्रीय एकजुटता को भी बाधित किया है।

**पाकिस्तान के खिलाफ जमकर बोला हमला :** एनआईआईसीई के निदेशक डॉ. प्रमोद जायसवाल ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ के हालिया बयान का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने स्वीकार किया कि पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देता और फंड करता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान दक्षिण एशिया में आतंकवाद का केंद्र रहा है। वहीं, नेपाल के पूर्व मंत्री शिशिर खनाल ने भारत की ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा की, इसे सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ साहसी और आवश्यक कदम बताया। पूर्व नेपाल प्रधानमंत्री के सलाहकार डॉ. दिनेश भट्टाराई ने कहा कि पहलगाम हमला हाल के वर्षों में सबसे घातक हमला था, जिसमें एलईटी की ओर से 26 नागरिक मारे गए। इनमें एक नेपाली नागरिक सुमित्रा कार्की भी शामिल थीं।

# लॉर्ड्स टेस्ट- इंग्लैंड की आधी टीम पवेलियन लौटी

**सुंदर ने रूट को बोल्ड किया, फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक की; भारत 154 रन से पीछे**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। रविवार को मैच का चौथा दिन है और दूसरा सेशन जारी है।

इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 5 विकेट पर 154 रन बना लिए हैं। बेन स्टोक्स और जैमी स्मिथ नाबाद हैं। वॉशिंगटन सुंदर ने जो रूट (40 रन) को बोल्ड करके फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक की।

हैरी ब्रूक (23 रन) को आकाश दीप ने बोल्ड कर दिया। नीतीश रेड्?डी ने जैक क्रॉली (22 रन) को कैच कराया। जबकि, मोहम्मद सिराज ने ओली पोप (4 रन) और बेन डकेट (12 रन) को पवेलियन भेजा।

इंग्लिश टीम ने आज 2/0 के स्कोर से खेलना शुरू किया था। पहली पारी में किसी टीम को बढ़त नहीं मिली, इनमें भारत और इंग्लैंड की टीमें एक समान 387-387 के स्कोर पर ऑलआउट हुईं




# स्वियाटेक ने अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से रौंदकर पहला विंबलडन खिताब जीता



**लंदन (एजेंसी)।** पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक शनिवार को धमाकेदार अंदाज में विंबलडन 2025 चैंपियन बन गईं। उन्होंने आल इंग्लैंड क्लब के ग्रास कोर्ट पर महिला सिंगल्स फाइनल में अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से रौंदा। स्वियातेक ने पहली बार टूर्नामेंट का खिताब जीता है। इस ग्रैंडस्लैम में लगातार आठवीं बार पहली महिला चैंपियन देखने को मिली है। इगा इससे पहले विंबलडन में क्वार्टर फाइनल से आगे तक नहीं बढ़ पाई थीं लेकिन इस बार गदर काट दिया और छठा ग्रैंड स्लैम अपने नाम किया। उन्होंने सेमीफाइनल में बेलिंडा बेनसिच को 6-2, 6-0 से हराने के बाद फाइनल में जगह बनाई थी।

पोलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त इगा ने शुरुआत से ही बढ़त बना ली और महज 57 मिनट में जीत दर्ज की। यह 114 सालों में विंबलडन का पहला महिला फाइनल था, जिसमें प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी एक भी गेम नहीं जीत सकी। स्वियातेक ओपन एरा में फाइनल में कोई भी गेम हारे बिना मेजर टाइटल जीतने वाली दूसरी खिलाड़ी बन गई हैं। उनसे पहले स्टेफी ग्राफ ने 1988 में आयोजित फ्रेंच ओपन में नतालिया ज्वेरेवा को हराया था। स्टेफी ग्राफ 32 मिनट में चैंपियन बनी थीं। बता दें कि 24 वर्षीय इगा फ्रेंच ओपन में चार और अमेरिकी ओपन में एक ट्रॉफी जीत चुकी हैं।

# लॉर्ड्स टेस्ट: यह समय की बर्बादी का अब तक का सबसे अच्छा उदाहरण है, क्रॉली की रणनीति पर बोले वॉन



**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि मौजूदा तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन के अंत में जैक क्रॉली की समय बर्बाद करने की रणनीति 'अब तक की सबसे अच्छी रणनीति' थी, लेकिन उन्होंने कहा कि भारत शिकायत नहीं कर सकता क्योंकि मेहमान टीम ने दूसरे दिन भी यही तरीका अपनाया था।

तीसरे दिन के अंत में उस समय गुस्सा भड़क गया जब इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली की समय बर्बाद करने की रणनीति के बाद भारत एक और ओवर नहीं खेल पाया, जिस पर कप्तान शुभमन गिल की अगुवाई में मेहमान टीम ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। भारतीय पारी तीसरे दिन 387 रन ढेर हो गई जो इंग्लैंड की पारी के समान थी। दिन का अंत इंग्लैंड ने मामूली 2 रन की बढ़त से किया।

387 रनों पर आउट होने के बाद भारत के पास तीसरे दिन के अंतिम सत्र में दो ओवर फेंकने का पर्याप्त समय था, लेकिन जसप्रीत बुमराह के शुरुआती ओवर के दौरान तीन बार चोट का बहाना बनाने और मैच से बाहर होने की क्रॉली की रणनीति के कारण मैच में देरी हुई। इसका मतलब था कि भारत के पास सिर्फ एक ओवर का समय था, जिससे मेहमान टीम नाराज हो गई क्योंकि इंग्लैंड ने तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 2 रन बना लिए।

वॉन ने कहा कि यह दोनों टीमों के लिए बराबर था, 'यह समय की बर्बादी का अब तक का सबसे अच्छा उदाहरण है।' उन्होंने कहा, 'भारत शिकायत नहीं कर सकता क्योंकि कल गिल की हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था, (केएल) राहुल मैदान से बाहर थे और वह पारी की शुरुआत नहीं कर पाते।' उन्होंने कहा, 'कोई भी टीम शिकायत नहीं कर सकता, लेकिन क्या शानदार ड्रामा था और क्या शानदार दिन था। हमें चौथे और पाँचवें दिन का सामना करना है जो शानदार होगा।'

इंग्लैंड के एक अन्य पूर्व कप्तान एलेस्टेयर कुक ने कहा कि 1-1 से बराबरी पर चल रही इस सीरीज को और रोमांचक बनाने के लिए इस तरह के ड्रामा की जरूरत थी। उन्होंने कहा, 'सभी बहुत दोस्ताना रहे हैं, लेकिन 5 मैचों की सीरीज में ऐसा हमेशा होता है। एक-दूसरे के खिलाफ कई बार खेलने के बाद कुछ छोटे-छोटे पल आते हैं।'

# मिताली राज का रिकॉर्ड तोड़कर हरमनप्रीत कौर बनी नंबर-1, भारत ने अपने नाम की सीरीज

**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड की सरजमीं पर इतिहास रचते हुए पहली बार इंग्लैंड में टी20 सीरीज अपने नाम की। भले ही टीम को 12 जुलाई को बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर खेले गए आखिरी टी20 मैच में हार झेलनी पड़ी लेकिन सीरीज भारत ने 3-2 से जीत ली।

इस ऐतिहासिक जीत की अगुवाई हरमनप्रीत कौर ने की। हालांकि,वे बल्ले से खास कमाल नहीं कर पाई लेकिन सिर्फ 15 रन बनाकर आउट हो गईं बावजूद इसके उन्होंने एक बड़ा इतिहास रच दिया।

हरमनप्रीत कौर ने भारत के लिए सबसे ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाली महिला क्रिकेटर बनने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। उन्होंने ये उपलब्धि भारतीय महिला क्रिकेट की दिग्गज बल्लेबाज मिताली राज का रिकॉर्ड तोड़ते हुए हासिल की।

हरमनप्रीत कौर ने कुल 334 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले, जो कि महिला क्रिकेट में भारत के लिए सबससे ज्यादा है। उन्होंने महान बल्लेबाज मिताली राज का 333 मैचों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। हरमनप्रीत अब विश्व की सबसे ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाली महिला खिलाड़ियों की लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं।




इस लिस्ट में न्यूजीलैंड की सुजी बेट्स (346 मैच) और ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी (337 मैच) उनसे ऊपर हैं। 36 साल के हरमनप्रीत ने अब तक 8 शतक और 85 अर्धशतक लगाए हैं, जिसमें उनका सबसे ज्यादा व्यक्तिगत स्कोर 171 रन भी शामिल है जो महिला वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा है।

# भारत की मिश्रित टीम निशानेबाजी विश्व कप के पदक दौर में जगह बनाने से चूकी

लोनाटो । लक्ष्य श्योराण (22,19,25) और नीरू ढांडा (25,24,25) तीसरी सीरीज में परफेक्ट स्कोर बनाने के बावजूद ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में पदक दौर में जगह बनाने से चूक गए जिसके साथ भारत का अभियान ढ्रस्स्स्न लोनाटो विश्व कप में समाप्त हो गया। लक्ष्य और नीरू ने क्वालीफाइंग दौर में संभावित 150 में से 140 अंक बनाए और 54 जोड़ियों में 10वें स्थान पर रहे। जोरावर सिंह संधू (21,23,24) और प्रीति रजक (23,24,23) की दूसरी भारतीय जोड़ी 138 अंक के साथ 22वें स्थान पर रही। एक दिन पहले महिला ट्रैप में चौथे स्थान पर रही नीरू ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 75 में से केवल एक ही निशाना चूका जबकि लक्ष्य दूसरी सीरीज में लय में नहीं दिखे और छह निशाने चूक गए जिससे भारतीय जोड़ी की पदक दौर में जगह बनाने की संभावनाओं को झटका लगा। ऑस्ट्रेलिया, ग्रेट ब्रिटेन और स्पेन की दोनों टीम 143 अंक के समान स्कोर के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहीं। पिछले निकोसिया शॉटगन विश्व कप की मिश्रित टीम स्पर्धा में काइनन चेनाई और सबीरा हारिस की भारतीय जोड़ी ने कांस्य पदक जीता था। यह स्पर्धा 2028 के लॉस एंजिलिस ओलंपिक में पहली बार आयोजित की जाएगी।



# जो रूट का कमाल जारी, सचिन तेंदुलकर की खास क्लब में बनाई जगह

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बेहतरीन जो रूट लगातार रनों की अंबार खड़ा कर रहे हैं। बीते पांच साल में वह 20 शतक जमा चुके हैं। सचिन तेंदुलकर के सबसे ज्यादा टेस्ट रन के रिकॉर्ड को तोड़ने के रूट काफी करीब है और हाल ही में उन्होंने सचिन के साथ ही एक खास लिस्ट में अपना नाम भी लिखवा लिया है।

भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में रूट ने ये मुकाम हासिल किया। इस मैच की पहली पारी में रूट के बल्ले से शतक निकला था जिसके दम पर मेजबान टीम ने 387 रनों का स्कोर खड़ा किया था। इस शतक से भी रूट ने कई रिकॉर्ड बनाए थे और दूसरी पारी में भी वह यही कर रहे हैं।

रूट ने इस मैच में बल्लेबाजी करते हुए नंबर-4 पर टेस्ट क्रिकेट में अपने 8000 रन पूरे कर लिए हैं। रूट से पहले इस नंबर पर सिर्फ चार ही बल्लेबाजों ने टेस्ट में 8000 या इससे ज्यादा रन बनाए हैं। इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली ने भी लंबे समय तक नंबर-4 पर बल्लेबाजी की लेकिन वह भी इस मुकाम को नहीं छू पाए। कोहली के नाम तो टेस्ट में 10,000 रन भी नहीं हैं। टेस्ट में कोहली के नाम 123 मैचों में 9230 रन हैं। चौथे नंबर पर खेलते हुए कोहली ने 7564 रन बनाए हैं। इसके साथ ही रूट के नाम क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले लॉर्ड्स पर सबसे ज्यादा शतक जमाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने इस मैदान पर कुल आठ शतक हैं। उनके बाद किसी का नंबर है जो इंग्लैंड के ही माइकल वॉन और ग्राहम गूज का। दोनों के नाम लॉर्ड्स में कुल 6-6 शतक हैं।

# अभी रिटायरमेंट लेने का कोई इरादा नहीं : नोवाक जोकोविच



लंदन । विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में हार के बाद नोवाक जोकोविच ने अपने प्रशंसकों को यह साफ संदेश दिया है कि वह अभी रिटायरमेंट लेने का कोई इरादा नहीं रखते। शुक्रवार को सेंटर कोर्ट पर दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से सीधे सेटों में 6–3, 6–3, 6–4 से हार झेलने के बाद जोकोविच ने कहा कि यह उनका विंबलडन करियर खत्म करने वाला मैच नहीं था। 38 वर्षीय जोकोविच ने मैच के बाद कहा, 'मैं आज अपना विंबलडन करियर खत्म करने की योजना नहीं बना रहा हूं। मैं निश्चित रूप से कम से कम एक बार और वापसी की योजना बना रहा हूं।' उनकी इस हार ने न सिर्फ रोजर फेडरर के आठ विंबलडन खिताब के रिकॉर्ड की बराबरी करने बल्कि अपने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की उम्मीदों को भी तोड़ दिया। क्वार्टर फाइनल के दौरान चोटिल होने के बाद जोकोविच सेमीफाइनल में पूरी लय में नजर नहीं आए। उन्होंने कहा कि वे अपनी चोट के बारे में विस्तार से बात नहीं करना चाहते, लेकिन प्रदर्शन से जरूर निराश हैं। मैच के दौरान तीसरे सेट से पहले जोकोविच ने अपने बाएं पैर के ऊपरी हिस्से के उपचार के लिए ट्रेनर को बुलाया और इसके बाद शुरुआती तीन गेम जीतने में सफल रहे। हालांकि, वे असहज महसूस करते रहे और आखिरी सात गेम में से छह हार गए। उनके प्रतिद्वंद्वी सिनर ने भी माना कि तीसरे सेट में जोकोविच की तकलीफ साफ दिख रही थी और वे सहज नहीं थे।

# 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने रचा इतिहास, आईपीएल से लेकर इंग्लैंड में मचाई धूम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 से भारतीय क्रिकेट को एक नया सितारा मिल गया है। बिहार के समस्तीपुर में जन्मे महज़ 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने अपनी धमाकेदार बल्लेबाज़ी से सबको चौंका दिया है। आईपीएल से लेकर इंग्लैंड दौरे तक उन्होंने अपनी प्रतिभा का ऐसा जलवा दिखाया कि विशेषज्ञ भी उनकी तुलना सचिन तेंदुलकर और ब्रायन लारा जैसे दिग्गजों से करने लगे हैं। वैभव सूर्यवंशी आईपीएल खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें 2025 की नीलामी में 1.10 करोड़ रुपये में खरीदा। उन्होंने 14 साल और 23 दिन की उम्र में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में डेब्यू किया। पहले ही मैच में 20 गेंदों पर 34 रन ठोक दिए।

आईपीएल-2025 में वैभव ने 7 मैच खेले और 36 की औसत से 252 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से एक शतक और एक अर्धशतक निकला। उन्होंने 24 छक्के और 18 चौके जड़ते हुए दिखा दिया कि उम्र महज एक नंबर है। राजस्थान के बाद, वैभव को भारत की अंडर-19 टीम में इंग्लैंड दौरे के लिए चुना गया। वहां भी उन्होंने मौके को हाथ से जाने नहीं दिया। पांच यूथ वनडे में उन्होंने 48, 45, 86, 143 और 33 रन की पारियां खेलीं। सबसे खास पारी रही चौथे वनडे में 143 रन की। उन्होंने महज 52 गेंदों में शतक पूरा किया और 78 गेंदों पर 10 छक्के और 13 चौके लगाते हुए 143 रन बनाए। इसी के साथ वैभव सूर्यवंशी यूथ वनडे में सबसे तेज शतक बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने नजमुल हसन शांतो का रिकॉर्ड तोड़ा। वैभव ने 14 साल और 100 दिन की उम्र में यह कारनामा किया। इस मैच में उन्होंने विहान मल्होत्रा (129) के साथ 219 रन की साझेदारी कर भारत को 55 रन से जीत दिलाई।



वैभव के बारे में विशेषज्ञ कहते हैं कि उनमें सचिन तेंदुलकर की तकनीकी नजाकत और ब्रायन लारा जैसा अटैकिंग अंदाज नजर आता है। हालांकि कुछ कोच उन्हें पृथ्वी शॉ की गलतियों से सीखने की सलाह भी देते हैं। घरेलू क्रिकेट में भी वैभव ने रिकॉर्ड कायम किया। 13 साल 269 दिन की उम्र में लिस्ट-ए क्रिकेट खेलने वाले सबसे युवा भारतीय बने। बिहार की ओर से विजय हजारे ट्रॉफी 2024-25 में मध्य प्रदेश के खिलाफ डेब्यू किया। वह आधुनिक युग में प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलने वाले सबसे युवा भारतीय खिलाड़ी भी हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वैभव ने 5 मैचों की 10 पारियों में 100 रन बनाए। छह लिस्ट-ए मैचों में 22 की औसत से 132 रन उनके नाम हैं। हालाँकि यह आंकड़े दिखाते हैं कि अभी उन्हें घरेलू क्रिकेट में और मेहनत करनी होगी। फिटनेस के लिए जरूरी यो-यो टेस्ट पास करना आधुनिक क्रिकेट का अहम हिस्सा है। विशेषज्ञ मानते हैं कि अगर वैभव अपनी फिटनेस और जज्बा बनाए रखें, तो वह भविष्य में भारतीय टीम के स्टार सलामी बल्लेबाज़ बन सकते हैं।

# पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार डायमंड लीग में नीरज और अरशद में होगी प्रतिस्पर्धा




सिलेसिया । भारत के नीरज चोपड़ा और पाकिस्तान के अरशद नदीम के बीच 16 अगस्त को पोलैंड के सिलेसिया में होने वाली डायमंड लीग भाला फेंक (डीएल) स्पर्धा में टक्कर होगी। पेरिस ओलंपिक के बाद ये दोनो के बीच पहला मुकाबला होगा और ऐसे में सभी की नजरें इस पर लगी रहेंगी। अरशद ने पेरिस में 92.97 मीटर के शानदार थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जबकि नीरज ने रजत पदक जीता था। नीरज टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता होने के साथ ही विश्व चैम्पियन भी हैं। चोपड़ा को हालांकि पेरिस में 89.45 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। विश्व एथलेटिक्स के एक बयान में कहा गया है कि चोपड़ा और नदीम सिलेसिया डायमंड लीग में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करेंगे। सिलेशिया डायमंड लीग के आयोजकों ने भी नीरज और अरशद के बीच इस मुकाबले की पुष्टि करते हुए कहा कि यह नीरज के लिए पिछली हार का बदला लेने का अच्छा अवसर हो सकता है। आयोजकों ने प्रतिष्ठित डायमंड लीग स्पर्धा के प्रतिभागियों की घोषणा करते हुए कहा, 'पोलैंड के प्रशंसकों को नीरज और अरशद नदीम के मुकाबले का बेसब्री से इंतजार है।' आयोजकों ने कहा, 'अरशद यूरोपीय सर्किट में ज्यादा स्पर्धाओं में भाग नहीं लेते है ऐसे में उनके प्रदर्शन के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। वह रज वहीं चोपड़ा हाल ही में 90 मीटर की बाधा पार करने वाले दुनिया के 26वें भाला फेंक खिलाड़ी बने हैं। चोपड़ा ने मई में दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था। सिलेशिया डायमंड लीग के आयोजकों ने कहा, 'इस सत्र में वह 90 मीटर से अधिक थ्रो करने वाले इतिहास के 26वें खिलाड़ी बन गए हैं। वह निश्चित रूप से इसे और बेहतर करना चाहेगे।' पुरुषों की भाला फेंक में मौजूदा विश्व चैंपियन और मौजूदा ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता के बीच मुकाबला सिलेसिया डायमंड लीग के मुख्य आकर्षणों में से एक होने वाला है। चोपड़ा ने पेरिस खेलों के बाद कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया है, जिसमें चार डायमंड लीग मीट, पोलैंड के चोरजो और चेक गणराज्य के ओस्ट्रावा में दो अन्य शीर्ष–श्रेणी की प्रतियोगिताएं भी शामिल है।

# मैं अभी और टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं, चयनकर्ताओं से संपर्क भी किया : रहाणे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो वर्षों से कोई टेस्ट मैच नहीं खेलने वाले 37 वर्षीय अजिंक्य रहाणे की भूख और जुनून अभी बाकी है। उन्होंने इस संबंध में चयनकर्ताओं से संपर्क करने की कोशिश भी की थी लेकिन उन्हें चयनकर्ताओं की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। रहाणे इस समय लंदन में हैं और उन्हें स्काई स्पोर्ट्स में नासिर हुसैन और माइकल आथटर्न से बात करते हुए कहा, 'मैं अभी भी टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मेरे अंदर टेस्ट क्रिकेट खेलने का जुनून बाकी है और इस समय मैं अपनी क्रिकेट का लुत्फ उठा रहा हूं। मैं यहां सिर्फ कुछ दिनों के लिए आया हूं और अपने ट्रेनिंग के कपड़े भी साथ लाया हूं ताकि मैं खुद को फिट रख सकूं। हमारा घरेलू सीजन शुरू होने वाला है इसलिए तैयारी अभी शुरू ही हुई है।'




जब रहाणे से पूछा गया कि विरोट कोहली और रोहित शर्मा सरीखे सीनियर खिलाड़ियों के संन्यास के बाद भारतीय टीम युवा खिलाड़ियों पर ध्यान केंद्रित कर रही है ऐसे में उनके सामने टेस्ट में वापसी करने के लिए कैसी चुनौतियां हैं तो उन्होंने कहा कि उनका ध्यान सिर्फ उन चीजों पर है जिन पर उनका नियंत्रण है। नए कप्तान शुभमन गिल ने कोहली की जगह चौथे नंबर पर ले ली है, जबकि उप-कप्तान ऋषभ पंत पांचवें नंबर पर आ गए हैं।

पुराने खिलाड़ियों में से, केएल राहुल ही एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जो अभी भी चयनकर्ताओं की योजनाओं में मजबूती से शामिल हैं। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद रहाणे बेफिक्र हैं और घरेलू क्रिकेट के प्रति अपने समर्पण के जरिए वापसी की कोशिश कर रहे हैं। टेस्ट टीम से बाहर होने के बाद से रहाणे ने लगातार दो रणजी ट्रॉफी सीजन में मुंबई का नेतृत्व किया है, जिसमें टीम ने 2023-24 में अपना 42वां खिताब जीता, जबकि 2024-25 में उपविजेता रही। वह सैयद मुश्ताक अली (टी20) खिताब जीतने वाली मुंबई टीम का भी हिस्सा थे।

रहाणे ने 2024-25 के रणजी सीजन में 14 पारियों में 35.92 की औसत से एक अर्धशतक और एक शतक सहित 467 रन बनाए। वह निराशाजनक IPL 2025 के दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे, जहां उनकी टीम 10 टीमों में से आठवें स्थान पर रही। रहाणे ने 14 पारियों में 147.27 के स्ट्राइक रेट से 390 रन बनाए। रहाणे ने कहा, 'मैं सिर्फ उन्हीं चीजों पर ध्यान केंद्रित करना चाहता हूं जो मेरे नियंत्रण में हैं।

राहणे ने कहा, 'सच कहूं तो मैंने इस संबंध में चयनकर्ताओं से बात करने की कोशिश भी की लेकिन बतौर खिलाड़ी ऐसी चीज़ें मेरे नियंत्रण में नहीं होती। मुझे कोई जवाब नहीं मिला। एक क्रिकेटर के तौर पर मैं बस इतना ही कर सकता हूं कि मैं क्रिकेट खेलूं, खेल का आनंद लूं और हर मौके पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करूं। मुझे टेस्ट क्रिकेट खेलना बहुत पंसद है। खेल के प्रति मेरा प्रेम ही मुझे लगातार अच्छा करने के लिए प्रेरित करता है।'

# बुमराह सबसे अधिक बार शून्य पर आउट होने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी बने, 35 वहीं बार खाता नहीं खोल पाये

लॉर्ड्स । भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमाराह अब तक इंग्लैंड दौरे में रनों के मामले में असफल रहे हैं। बुमराह ने अभी तक इस दौरे में तीन बार बल्लेबाजी की है और तीनो में ही वह अपना खाता नहीं खोल पाये। इस प्रकार बुमराह ने इस सीरीज में शून्य पर आउट होने की हैट्रिक लगायी है। पिछली 7 पारियों में वह 6 बार 0 पर आउट हुए हैं। इसी के साथ उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने वाले बल्लेबाजों की अनचाही सूची में सचिन तेंदुलकर और रोहित शर्मा को भी पछड़ दिया है। लॉर्ड्स टेस्ट में 0 पर आउट होने के बाद बुमराह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 35 वीं बार पहली ही गेंद पर आउट हुए हैं। वहीं सचिन तेंदुलकर और रोहित शर्मा 34–34 बार अपना खाता नहीं खोल पाये हैं। सबसे ज्यादा बार 0 पर आउट होने वाले बल्लेबाजों की सूची में बुमराह अब संयुक्त रूप से पांचवें पायदान पर हैं। उनके अलावा पूर्व कप्तान अनिल कुंबले भी 35 बार अपने करियर में 0 पर आउट हुए हैं।

# ताइवान-वियतनाम की कंपनियां भारत में 'फुटवियर' क्षेत्र में करेंगी निवेश

### कंपनियों को सरकारी समर्थन की जरूरत



**नई दिल्ली ।**

भारत का गैर-चमड़ा फुटवियर उद्योग विदेशी निवेश के एक नए अवसर की ओर बढ़ रहा है। ताइवान और वियतनाम की प्रमुख कंपनियां इस क्षेत्र में निवेश को इच्छुक हैं। चमड़ा निर्यात परिषद (सीएलई) के एक अधिकारी ने बताया कि इन देशों की कंपनियां भारत में उत्पादन इकाइयां स्थापित करना चाहती हैं, लेकिन इसके लिए सरकार से नीति और लॉजिस्टिक सहयोग जरूरी होगा। इन कंपनियों को चीन से सोल, सांचे, मशीनरी और कपड़े जैसे उत्पाद आयात करने पड़ते हैं। ऐसे में भारत सरकार को इनके आयात को सुगम बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। अे धिकारी ने बताया कि भारत का फुटवियर निर्यात 2024-25 में 5.75 अरब डॉलर रहा और 2025-26 तक इसे 7 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। अमेरिका इस क्षेत्र का सबसे बड़ा बाजार है, जहां 20 फीसदी भारतीय निर्यात जाता है, इसके बाद ब्रिटेन (11 फीसदी) और जर्मनी आते हैं। उन्होंने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की वकालत करते हुए कहा कि वर्तमान 18.5 फीसदी शुल्क को कम कर बाजार हिस्सेदारी बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने सरकार से फुटवियर क्षेत्र के लिए केंद्रित उत्पाद योजना शुरू करने की मांग भी की। ग्रोमोर इंटरनेशनल लिमिटेड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि तमिलनाडु में पहले ही कुछ ताइवानी कंपनियां निवेश कर चुकी हैं और उत्तर प्रदेश-बिहार जैसे राज्यों में किफायती श्रम बल को देखते हुए यहां भी निवेश की भारी संभावना है। विदेशी तकनीक के सहयोग से घरेलू उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ेगी और रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

# हुडको ने एमपी सरकार के साथ 1 लाख करोड़ का करार किया

### - शेयर की कीमत 230 रुपए के आसपास

**नई दिल्ली ।**

हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (हुडको) ने मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (एमपीयूडीसीएल) के साथ 1 लाख करोड़ का मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) साइन किया है। इस करार के तहत हुडको अगले पांच वर्षों में राज्य में हाउसिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। इसके अलावा कंपनी कंसल्टेंसी और निर्माण कार्य में भी सहयोग करेगी। इस समझौते पर हस्ताक्षर समारोह हाल ही में इंदौर में आयोजित हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और हुडको के सीएमडी संजय कुलश्रेष्ठ मौजूद थे। यह करार शहरी विकास को गति देने और नागरिक सुविधाएं बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। हुडको ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में शानदार प्रदर्शन किया। कंपनी का शुद्ध मुनाफा 4 फीसदी बढ़कर 728 करोड़ रुपए रहा, जबकि नेट इंटरेस्ट इनकम में 26 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। एयूएम में 35 फीसदी की वृद्धि और ग्रॉस एनपीए घटकर



1.67 फीसदी हो गया। कंपनी ने 1.05 रुपए प्रति शेयर का फाइनल डिविडेंड देने की सिफारिश की है। शुक्रवार को बीएसई पर हुडको का शेयर 230.65 पर बंद हुआ, जिसमें 0.28 फीसदी की मामूली गिरावट रही।

# बीते सप्ताह घरेलू तेल-तिलहन के दामों में मजबूती, सावन में मांग बढ़ी

### - कच्ची घानी मिलों की मांग बढ़ने से सरसों तेल-तिलहन के दाम मजबूत हुए

**नई दिल्ली ।**

बीते सप्ताह घरेलू तेल-तिलहन बाजार में विदेशी बाजारों में खाद्य तेलों की कीमतों में सुधार और सावन के मौसम में बढ़ी मांग के कारण सरसों, मूंगफली, सोयाबीन, कच्चा पामतेल (सीपीओ), पामोलीन और बिनौला तेल के दामों में मजबूती देखने को मिली। हालांकि, सोयाबीन तिलहन की कीमतें कमजोर मांग के चलते गिरावट के साथ बंद हुईं। बाजार सूत्रों के अनुसार सावन के मौसम में पारंपरिक तौर पर खाद्य तेलों की मांग बढ़ती है, जिससे घरेलू बाजार में तेल-तिलहन के दाम सुधरे। खासतौर पर कच्ची घानी मिलों की मांग बढ़ने से सरसों तेल-तिलहन के दाम मजबूत हुए। सरकार के पास मौजूद सरसों के स्टॉक को संभलकर बेचना होगा, क्योंकि नई फसल आने में अभी 7-8 महीने का समय बचा है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि सरकार को स्टॉकिस्टों के बजाय तेल मिलों को सरसों बेचनी चाहिए ताकि वे पेराई के बाद तेल को बाजार में उतारने की गारंटी दें। सोयाबीन डी-आयल्ड केक के दाम ऊंचे होने से उसकी मांग



कमजोर रही, जिससे सोयाबीन तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं, सोयाबीन तेल की कीमतों में सुधार रहा क्योंकि इसकी कीमतें आयातकों के लागत से कम हैं और सरसों- सूरजमुखी तेल की तुलना में सस्ती हैं। मूंगफली के दाम एमएसपी से करीब 15 प्रतिशत नीचे हैं, लेकिन निर्यात की उम्मीद और व्रत के कारण मूंगफली तेल की मांग बढ़ी है। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 7,050-7,100 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों तेल का भाव 15,450 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। सोयाबीन दाने और लूज के दाम गिरावट के साथ 4,350-4,400 रुपये और 4,050-4,150 रुपये पर बंद हुए। मूंगफली तिलहन और तेल के दामों में भी सुधार दर्ज हुआ। सरकार को खाद्य तेलों के खुदरा दामों पर नियंत्रण के लिए एक पोर्टल बनाने पर विचार करना चाहिए, जिससे एमआरपी की जानकारी पारदर्शी हो और कीमतों में तेजी को रोका जा सके।

# भारत में अब कई प्रीमियम और खास इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद भी बनने लगे

### - डिक्सन टेक्नोलॉजीज यूरेका फोर्ब्स के साथ मिलकर भारत में ही बना रही रोबोट वैक्यूम क्लीनर



**नई दिल्ली।** भारत में अब सिर्फ स्मार्टफोन या टीवी ही नहीं, बल्कि कई प्रीमियम और खास इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद भी बनने लगे हैं। इनमें रोबोट वैक्यूम क्लीनर, कॉफी मेकर, बिल्ट-इन रेफ्रिजरेटर और एयर फ्रायर जैसे उपकरण शामिल हैं, जो पहले पूरी तरह से विदेशों से मंगाए जाते थे। यह बदलाव सरकार की नई नीति, खासकर बीआईएस (ब्यूरो आफ इंं डियन स्टैंडर्ड) के क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर (क्यूसीओ) के कारण आया है। क्यूओसी का मकसद है कि भारत में बनने वाले इलेक्ट्रॉनिक सामानों की गुणवत्ता अंतरराष्ट्रीय स्तर की हो, और विदेशी कंपनियों से आने वाले सामानों पर नियंत्रण लगाया जा सके। इन नियमों के चलते अब इन उत्पादों को भारत में बेचने से पहले बीआईएस से प्रमाणन लेना जरूरी हो गया है। इससे स्थानीय निर्माण को बढ़ावा मिल रहा है। इसी दिशा में डिक्सन टेक्नोलॉजीज ने यूरेका फोर्ब्स के साथ मिलकर भारत में ही रोबोट वैक्यूम क्लीनर बनाना शुरू किया है। डिक्सन के मैनेजिंग डायरेक्टर का कहना है कि बीआईएस के नियमों से प्रीमियम ब्रांड भी अब छोटे बाजारों के बावजूद भारत में निर्माण पर विचार कर रहे हैं। यह कंपनियों के लिए एक अच्छा अवसर है। जर्मनी की कंपनी ने औरंगाबाद में बिल्ट-इन रेफ्रिजरेटर बनाने का प्लांट शुरू किया है, जबकि भारत में इसकी वार्षिक बिक्री केवल 14,000-15,000 यूनिट है। कंपनी को उम्मीद है कि अगले पांच साल में यह बाजार एक लाख यूनिट तक पहुंच जाएगा। देश की बड़ी घरेलू कंपनियां जैसे हैवेल्स और क्राम्पटन ग्रीव्स भी अब इम्पोर्ट घटाकर भारत में निर्माण को प्राथमिकता दे रही हैं। हालांकि हर एक कैटेगरी का बाजार अभी छोटा है, लेकिन कुल मिलाकर यह करीब 12,000ङ्13,000 करोड़ का है। विशेषज्ञों का मानना है कि बीआईएस के नियमों से भारत में प्रीमियम इलेक्ट्रॉनिक्स का निर्माण तेज़ी से बढ़ेगा और देश आत्मनिर्भरता की ओर एक और मजबूत कदम बढ़ाएगा।

# व्यापार वार्ता, तिमाही नतीजे और मुद्रास्फीति आंकड़े तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

### - वैश्विक संकेतक और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार की चाल को प्रभावित करेंगी

**मुंबई ।**

आगामी सप्ताह भारतीय शेयर बाजार के लिए अहम रहने वाला है, जिसमें निवेशकों की नजर कई बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों, भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता और प्रमुख मुद्रास्फीति आंकड़ों पर रहेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इन घटनाक्रमों के साथ-साथ वैश्विक संकेतक और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां बाजार की चाल को प्रभावित करेंगी। एक वित्तीय सेवा प्रदाता कंपनी के वरिष्ठ विश्लेषक के अनुसार भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर जारी अनिश्चितता के चलते निवेशक सतर्क हैं। जब तक इस वार्ता से कोई ठोस नतीजा सामने नहीं आता, बाजार में सकारात्मक रुख बनना मुश्किल है। इसके अलावा कंपनियों के पहली तिमाही के वित्तीय नतीजे भी बाजार की दिशा तय करेंगे। इस सप्ताह एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, विप्रो और जेएसडब्ल्य स्टील जैसी दिग्गज कंपनियों के नतीजे आएंगे। पिछले सप्ताह बाजार में गिरावट देखी गई, जो निराशाजनक नतीजों की शुरुआत और वैश्विक व्यापार शुल्क संबंधी चिंताओं के कारण हुई थी। बाजार के जानकारों ने कहा कि 14 जुलाई को जारी होने वाले थोक मूल्य सूचकांक और खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े भी बाजार के लिए निर्णायक रहेंगे। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर अमेरिकी मुद्रास्फीति और चीन के सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़ों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। उनका कहना है` कि तिमाही नतीजों के चलते कुछ शेयरों में तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। उन्होंने कहा कि व्यापार वार्ता की अनिश्चितता बाजार पर दबाव बनाए रख सकती है। निवेशकों को फिलहाल सतर्क रहने और प्रमुख घटनाक्रमों पर नज़र बनाए रखने की सलाह दी जा रही है।

# ट्रंप ने मेक्सिको और ईयू पर लगाया 30 फीसदी टैरिफ

### - ट्रंप ने तांबे पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने की बात भी कही

**वाशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने 1 अगस्त से मेक्सिको यूरोपीय यूनियन (ईयू) से आने वाले सभी सामानों पर 30 फीसदी टैरिफ लगाने का फैसला किया है। यह फैसला दोनों पक्षों के बीच कई हफ्तों तक चली व्यापारिक बातचीत के विफल रहने के बाद लिया गया। ट्रंप ने इस जानकारी को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' के जरिए साझा किया। इससे पहले ट्रंप जापान, दक्षिण कोरिया, कनाडा और ब्राजील जैसे देशों पर भी टैरिफ लगाने की घोषणा कर चुके हैं। उन्होंने तांबे पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने की बात भी कही है। ट्रंप के इन फैसलों से अमेरिकी सरकार को आर्थिक लाभ हुआ है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के अनुसार, जून तक के वित्तीय वर्ष में सीमा शुल्क से 100 अरब डॉलर से अधिक की कमाई हुई है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम अमेरिका के व्यापारिक साझेदारों के साथ रिश्तों में तनाव बढ़ा सकता है। मेक्सिको और ईयू दोनों ही जवाबी कदम उठाने की तैयारी में हैं, जिससे एक और ट्रेड वॉर की आशंका बढ़ गई है।

NLC INDIA LIMITED
Navratna - Government of India Enterprise
CREATING WEALTH FOR WELLBEING

# एनएलसी इंडिया लिथियम आपूर्ति के लिए रूस की कंपनी संग करेगी साझेदारी

### - माली के एक लिथियम ब्लॉक में इक्विटी भागीदारी को लेकर चल रही चर्चा

**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की एक कंपनी एनएलसी इंडिया लिमिटेड अफ्रीका के माली देश में स्थित लिथियम खदान में हिस्सेदारी के लिए रूस की एक सरकारी कंपनी के साथ बातचीत के अंतिम चरण में है। यह कदम भारत द्वारा स्वच्छ ऊर्जा की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए लिथियम जैसे रणनीतिक खनिजों की दीर्घकालिक आपूर्ति सुनिश्चित करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। सूत्रों के अनुसार एनएलसी इंडिया और रूस की कंपनी के बीच माली के एक लिथियम ब्लॉक में इक्विटी भागीदारी को लेकर चर्चा चल रही है। भारत सरकार का उद्देश्य लिथियम के घरेलू उत्पादन के साथ-साथ विदेशी स्रोतों को भी सुरक्षित करना है, ताकि इलेक्ट्रिक वाहनों और बैटरियों के निर्माण में निर्बाध आपूर्ति बनी रहे। एनएलसी इंडिया का प्रमुख कारोबार कोयला और लिग्नाइट खनन व बिजली उत्पादन रहा है। हाल के वर्षों में कंपनी ने नवीकरणीय ऊर्जा, कोयला खनन, और रणनीतिक खनिजों के क्षेत्र में अपना दायरा बढ़ाया है। नीलामी के पांचवें दौर में एनएलसी ने छत्तीसगढ़ में दो महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक फॉस्फोराइट और चूना पत्थर हासिल किए। एनएलसी का यह कदम भारत को खनिज आत्मनिर्भरता की दिशा में ले जाने में मदद करेगा और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में देश की स्थिति को मज़बूत करेगा।

# अरुणाचल प्रदेश में 18,000 मेगावाट पनबिजली परियोजनाओं पर तेजी से काम

### - 2,620 मेगावाट की पांच परियोजनाएं शा मिल

नई दिल्ली । अरुणाचल प्रदेश में कुल 18,000 मेगावाट की पनबिजली परियोजनाओं पर काम चल रहा है, जिसमें एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा। यह जानकारी राज्य के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इन परियोजनाओं में से 2,620 मेगावाट की पांच परियोजनाएं नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (नीपको) को, 5,097 मेगावाट की पांच परियोजनाएं सतलज जल विद्युत निगम लिमिटेड (एसजेवीएन) को और 3,800 मेगावाट की दो परियोजनाएं एनएचपीसी को आवंटित की गई हैं। मुख्यमंत्री खांडू ने कहा कि पहले ये परियोजनाएं निजी कंपनियों को दी गई थीं, लेकिन वे विभिन्न कारणों से शुरू नहीं हो सकीं। इसलिए राज्य सरकार ने सार्वजनिक उपक्रमों को इन्हें संभालने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने सभी परियोजनाओं की समीक्षा कर पुरानी योजनाएं रद्द कर दीं और केंद्र सरकार से कहा कि पनबिजली जैसे बड़े निवेश वाले क्षेत्र में केवल सरकार को ही पहल करनी चाहिए। राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री के साथ बैठक के बाद एनएचपीसी, नीपको और एसजेवीएन के साथ बेसिन-आधारित समझौते किए। इनमें से लोअर सुबनसिरी परियोजना 2,000 मेगावाट क्षमता की है, जो अगले साल से बिजली उत्पादन शुरू कर देगी। इसके अलावा, 2,880 मेगावाट की दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना 2032 तक चालू होने की उम्मीद है, जिसमें देश का सबसे ऊंचा बांध भी शामिल होगा।

# सेंसेक्स की प्रमुख आठ कंप नियों का मार्केट कैप 2.07 लाख करोड़ घटा

### - सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार

**नई दिल्ली ।**

पिछले सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 सबसे कीमती कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में कुल 2.07 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई है। इस दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और भारती एयरटेल सबसे अधिक नुकसान में रहीं। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का बाजार पूंजीकरण 56,279.35 करोड़ रुपये घटकर 11,81,450.30 करोड़ रुपये रह गया। जून तिमाही के कमजोर नतीजों के कारण टीसीएस के शेयर में शुक्रवार को करीब 3.5 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन भी 54,483.62 करोड़ रुपये घटकर 10,95,887.62 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार पूंजीकरण में 44,048.2 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 20,22,901.67 करोड़ रुपये पर आ गई। इन्फोसिस का मूल्यांकन 18,818.86 करोड़ रुपये घटकर 6,62,564.94 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण भी 14,556.84 करोड़ रुपये घटकर 10,14,913.73 करोड़ रुपये पर आ गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार मूल्यांकन में 11,954.25 करोड़ रुपये की कमी आई, जिससे इसका मूल्य 5,83,322.91 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी बैंक के बाजार पूंजीकरण में 4,370.71 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह



15,20,969.01 करोड़ रुपये रह गया। वहीं भारतीय स्टेट बैंक का बाजार मूल्यांकन 2,989.75 करोड़ रुपये घटकर 7,21,555.53 करोड़ रुपये पर पहुंचा।

इस गिरावट के बीच, हिंदुस्तान यूनिलीवर और बजाज फाइनेंस ने बढ़त दिखाई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 42,363.13 करोड़ रुपये बढ़कर 5,92,120.49 करोड़ रुपये हो गया, जिसके साथ उसके शेयर में लगभग 5 प्रतिशत की तेजी आई। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन भी 5,033.57 करोड़ रुपये बढ़कर 5,80,010.68 करोड़ रुपये पहुंच गया। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बनी हुई है, इसके बाद एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान है।

# शहरों में सस्ते प्रोडक्ट्स की धूम, गांवों में ब्रांडेड कंप नियों का जलवा

### - वित्त वर्ष 2025 में शहरी भारत में बिना ब्रांड वाले प्रोडक्ट्स की वॉल्यूम ग्रोथ 8.4 फीसदी रही

**मुंबई ।** भारत के एफएमसीजी (फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स) बाजार में शहरी और ग्रामीण उपभोक्ताओं की पसंद में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार जहां शहरी उपभोक्ता महंगाई और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की वजह से बिना ब्रांड वाले प्रोडक्ट्स और डिजिटल-फर्स्ट ब्रांड्स की ओर झुक रहे हैं, वहीं ग्रामीण भारत में पारंपरिक और भरोसेमंद ब्रांड्स जैसे नेस्ले, डाबर और हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है। ग्रामीण इलाकों में पहले बिना ब्रांड वाले प्रोडक्ट्स ज्यादा चलते थे, लेकिन अब बड़े ब्रांड्स ने मजबूत डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क और बेहतर पहुंच के जरिए अपनी पकड़ मजबूत की है। रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025 में शहरी भारत में बिना ब्रांड वाले प्रोडक्ट्स की वॉल्यूम ग्रोथ 8.4 फीसदी रही, जबकि ग्रामीण भारत में यह केवल 2.3 फीसदी रही। वहीं लिस्टेड एफएमसीजी ब्रांड्स की वॉल्यूम ग्रोथ गांवों में 5.1 फीसदी रही, जो कि शहरों के 2.1 फीसदी के मुकाबले कहीं अधिक है। विशेषज्ञों का मानना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस ग्रोथ के पीछे अच्छा मानसून, सरकारी सहयोग और आय में सुधार प्रमुख कारण हैं। इसके विपरीत, शहरी उपभोक्ता महंगाई के दबाव के चलते छोटे पैक और किफायती विकल्पों की ओर बढ़ रहे हैं। साथ ही, डिजिटल-फर्स्ट ब्रांड्स जैसे स्लर्प फार्म भी शहरी बाजार में तेजी से जगह बना रहे हैं।

# हिंदुस्तान यूनिलीवर की महिला बनी सीईओ, शेयरों में आया 5 फीसदी उछाल

### -बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।**

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 932.42 अंक यानी 1.11 फीसदी के नुकसान में रहा। इस दौरान सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के मार्केट कैप में कुल 2.07 लाख करोड़ रुपए (2,07,501.58 करोड़) की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और भारती एयरटेल को हुआ। शीर्ष 10 में से केवल बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। इस रुख के उलट हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का मूल्यांकन 42,363.13 करोड़ रुपए बढ़कर 5,92,120.49 करोड़ पर पहुंच गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड के शेयर में शुक्रवार को करीब 5 फीसदी का उछाल आया। हिंदुस्तान यूनिलीवर ने प्रिया नायर को कंपनी की पहली महिला सीईओ और एमडी नियुक्त करने की घोषणा की है।

बजाज फाइनेंस की मूल्यांकन 5,033.57 करोड़ बढ़कर 5,80,010.68 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

पिछले हफ्ते टाटा ग्रुप की आईटी कंपनी टीसीएस का मार्केट कैप 56,279.35 करोड़ से घटकर 11,81,450.30 करोड़ रुपए पर आ गया था। कंपनी के जून तिमाही के नतीजे निवेशकों को उत्साहित करने में विफल रहे। शुक्रवार को टीसीएस के शेयर में करीब 3.5 फीसदी की गिरावट आई। इस तरह भारती एयरटेल का मूल्यांकन 54,483.62 करोड़ रुपए से घटकर 10,95,887.62 करोड़ पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 44,048.2 करोड़ रुपए घटकर 20,22,901.67 करोड़ पर आ गई।

इन्फोसिस के मूल्यांकन में 18,818.86 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 6,62,564.94 करोड़ रुपए रहा। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 14,556.84 करोड़ रुपए घटकर 10,14,913.73 करोड़ रुपए पर आ गया। एलआईसी का मूल्यांकन 11,954.25 करोड़ से घटकर 5,83,322.91 करोड़ रुपए पर आ गया।

# इलेक्ट्रॉनिक्स व दवा क्षेत्रों ने पीएलआई वितरण में मारी बाज़ी


### - 2024-25 में 70 फीसदी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली ।** भारत सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 10,114 करोड़ रुपए का वितरण किया गया, जिसमें से 70 फीसदी से अधिक हिस्सा केवल दो क्षेत्रों, इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मास्युटिकल्स को मिला। यह योजना 2021 में 1.97 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 14 प्रमुख क्षेत्रों में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को सबसे अधिक 5,732 करोड़ प्राप्त हुए, जबकि दवा क्षेत्र की कंपनियों को 2,328 करोड़ का प्रोत्साहन मिला। इससे इन दोनों क्षेत्रों की बढ़ती ताकत और निर्यात क्षमताओं को बल मिला है। 2023-24 में कुल पीएलआई वितरण 9,721 करोड़ था, जो इस वर्ष और अधिक बढ़ गया। अन्य क्षेत्रों को भी प्रोत्साहन दिया गया, जैसे दूरसंचार (840 करोड़), खाद्य प्रसंस्करण (448 करोड़), वाहन (322 करोड़), चिकित्सा उपकरण (77 करोड़), एसी-फ्रिज (210 करोड़), विशेष इस्पात (48 करोड़), कपड़ा (40 करोड़), ड्रोन (35 करोड़) और थोक दवा (22 करोड़)। इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में भी जोरदार वृद्धि देखी गई। 2021-22 में यह 15.7 अरब डॉलर था, जो 2024-25 में बढ़कर 38.58 अरब डॉलर हो गया यानी 32.46 फीसदी की सालाना वृद्धि दर।

# स्विगी पर ग्राहक और डिलीवरी स्टाफ की होती है रैंकिंग

### - फ्रॉड ग्राहकों पर रहती है खास निगरानी

**मुंबई ।** ऑनलाइन फूड और क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म स्विगी अपने ग्राहकों और डिलीवरी स्टाफ की गोपनीय रैंकिंग करता है, जिसका सीधा असर सेवा की गुणवत्ता और इंसेंटिव्स पर पड़ता है। एक कस्टमर सपोर्ट एग्जीक्यूटिव के अनुसार हर ग्राहक और डिलीवरी पार्टनर की एक खास रैंक होती है। ग्राहकों को उनकी खरीदारी की आदतों के आधार पर तीन श्रेणियों में बांटा जाता है हाई-वैल्यू, मीडियम-वैल्यू और लो-वैल्यू। हाई-वैल्यू ग्राहक नियमित ऑर्डर करने वाले होते हैं, जिन्हें तेज सपोर्ट और बेहतर रिफंड पॉलिसी मिलती है। लो-वैल्यू ग्राहक वे होते हैं जो नए होते हैं या कम ऑर्डर करते हैं। इसके अलावा बार-बार रिफंड मांगने वाले ग्राहकों को 'फ्रॉड यूजर' के तौर पर चिह्नित किया जा सकता है।



# वॉर 2 की शूटिंग पूरी होने पर भावुक हुए ऋतिक रोशन

फिल्म वॉर 2 की शूटिंग पूरी हो गई है। इस फिल्म में ऋतिक रोशन एक बार फिर कबीर के रूप में वापसी कर रहे हैं। उनके अलावा फिल्म में साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर और अभिनेत्री कियारा आडवाणी भी हैं। फिल्म की शूटिंग पूरी होने पर ऋतिक रोशन भावुक महसूस कर रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। ऋतिक रोशन ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट से आज मंगलवार को एक पोस्ट शेयर किया है। शूटिंग पूरी होने पर टीम ने केक काटा है। इसके साथ ऋतिक रोशन ने लिखा है, फिल्म वॉर 2 के लिए कैमरा बंद होने के बाद मिली-जुली भावनाएं महसूस हो रही हैं। 149 दिनों तक लगातार रोलिंग, एक्शन, डांस, ब्लड, पसीना, चोटें... और इस सबकी कीमत वसूल हुई है!

## जूनियर एनटीआर और कियारा को कहा शुक्रिया

ऋतिक ने पोस्ट में जूनियर एनटीआर को टैग करते हुए लिखा है, सर, आपके साथ काम करना और साथ मिलकर कुछ विशेष बनाना मेरे लिए सम्मान की बात है। वहीं कियारा आडवाणी को टैग करके लिखा है, मैं बहुत उत्साहित हूं कि दुनिया आपके घातक पक्ष को देखे, आपके साथ स्क्रीन साझा करना शानदार अनुभव रहा।

## अगस्त में रिलीज होगी फिल्म

ऋतिक रोशन ने आगे लिखा है, मैं बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं कि आप सभी आदि और अयान के कमाल के सिनेमाई विजन को देखें। वॉर 2 के सभी कलाकारों और क्रू को, अपनी प्रतिभा को साझा करने और हर एक दिन अपना बेस्ट देने के लिए तहेदिल से शुक्रिया। आखिर में, कबीर के शूटिंग का खत्म होना कहना हमेशा कड़वा-मीठा अनुभव होता है। मुझे फिर से खुद जैसा महसूस करने में कुछ दिन लगेंगे। अब 14 अगस्त, 2025 को आप सभी के सामने अपनी फिल्म पेश करने की यात्रा पर निकल पड़े हैं।

## स्पाई थ्रिलर फिल्म है वॉर 2

यह फिल्म साल 2019 में आई ऋतिक रोशन की फिल्म वॉर का ही सीक्वल है। अयान मुखर्जी ने सीक्वल का निर्देशन किया है। इसे यशराज फिल्म्स के बैनर तले आदित्य चोपड़ा प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह स्पाई थ्रिलर फिल्म है। तेलुगु में वॉर 2 के डिस्ट्रीब्यूशन राइट्स पर नागा वामसी ने हासिल किए हैं।



# बिना काम के 1 साल घर बैठी रहीं, इंडस्ट्री में एक्टर्स मदद नहीं करते...

एक्ट्रेस और कंटेंट क्रिएटर बरखा सिंह ने डिजिटल और फिल्म इंडस्ट्री में अपनी लगातार पहुंच के साथ बड़ा नाम बनाया है। वह फेमस वेब सीरीज क्रिमिनल जस्टिस 4 में पंकज त्रिपाठी के साथ लोगों का दिल जीत रही हैं। हालांकि, इंडस्ट्री के कई एक्टर्स की तरह, बरखा भी परेशान करने वाले अनुभवों का शिकार हुई हैं, जिनमें से एक कास्टिंग काउच से जुड़ा था, जो चौंकाने वाला था। इसके साथ ही, एक्ट्रेस ने नवभारत टाइम्स ऑनलाइन के साथ अपने करियर की जर्नी भी शेयर की है। बरखा सिंह ने एक घटना के बारे में बताया जिसमें एक दिन उनके इनबॉक्स में एक ईमेल आया था। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा कि उन्हें कभी भी व्यक्तिगत रूप से ऐसे ऑफर्स का सामना नहीं करना पड़ा, फिर आगे कहा कि उन्हें एक बार एक साउथ फिल्म में रोल ऑफर करने के लिए एक ईमेल मिला था, जिसमें 'समझौता' करने की मांग की गई थी, लेकिन किसी का नाम नहीं बताया गया था।

## बरखा सिंह के साथ कास्टिंग काउच

बरखा ने कहा, किसी ने इसे मेरे ईमेल में डाल दिया। मुझे लगता है कि यह साउथ फिल्म इंडस्ट्री के लिए था, और मेरे पास सबूत है, जहां उसने कहा था, इतने सारे शूटिंग के दिनों की जरूरत है और जरूरी चीजें कम से कम 36 होनी चाहिए, समझौता करना जरूरी है। आप इसे लिखित में दे रहे हैं, इसका मतलब है कि आप इससे बहुत सहमत हैं। नाम नहीं डाला कि किसके साथ समझौता किया जाएगा।

## घर में एक्टिंग से कोई नाता नहीं

इसी के साथ बरखा ने करियर के बारे में बात करते हुए बताया कि उनके घर में एक्टिंग से दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है। कोई भी इस बैकग्राउंड से नहीं आता है। इसी इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने ये भी कहा कि इंडस्ट्री में भले आपके दोस्त हों लेकिन वो आगे बढ़ने में कुछ खास मदद नहीं करते।

## इंडस्ट्री में लोग नहीं करते मदद

उन्होंने कहा, गजराव राव से मैंने पूछा तो उन्होंने बताया था कि कहां जाकर ऑडिशन देना है लेकिन फैक्ट ये है कि एक्टर्स आपकी मदद नहीं करते हैं। ऑप कॉम्पटिशन में नहीं भी हो तो वो आपको आगे बढ़ने में मदद नहीं करते हैं। कुछ कुछ कर भी देते हैं लेकिन ज्यादा लोग हवा में बोलते हैं बस, मदद नहीं करते। एक साल घर बैठकर मैं इतजार करती रही। फिर धीरे-धीरे चीजें समझ आईं।

## बरखा सिंह के व्लॉग्स

अभिनय के अलावा, बरखा एक फेमस ट्रैवल व्लॉगर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी हैं, जिन्होंने कैडबरी, अमेजन और कोका-कोला जैसे ब्रांडों के साथ सहयोग किया है। उन्होंने माधुरी दीक्षित की फिल्म मजा मा में भी अहम रोल किया था, जिसमें गजराज राव, ऋत्विक भौमिक, सृष्टि श्रीवास्तव और कई कलाकार थे।



# वॉर 2 को लेकर उत्साहित हैं कियारा आडवाणी

ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी की फिल्म 'वॉर 2' लगातार चर्चा में बनी हुई है। फिल्म को लेकर दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है और पहली बार जूनियर एनटीआर और ऋतिक रोशन का पर्दे पर क्लैश देखने के लिए दर्शक खासा उत्साहित हैं। हाल ही में फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई है। जिसके बाद अभिनेता ऋतिक रोशन ने फिल्म की शूटिंग पूरे होने पर फिल्म के अपने अनुभवों को लेकर एक खास पोस्ट शेयर किया था। इसमें उन्होंने अपने को-एक्टर्स जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी का भी जिक्र किया था। अब अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने भी फिल्म को लेकर अपना उत्साह जाहिर किया है और फिल्म की शूटिंग पूरी होने पर एक पोस्ट शेयर किया है। कियारा ने अपने एक्स अकाउंट पर ऋतिक की पोस्ट को ही री-शेयर किया है। इसके साथ ही कियारा ने लिखा, उत्साह दोनों का एक जैसा ही है ऋतिक। आपके साथ स्क्रीन शेयर करना एक यादगार अनुभव रहा, जिसे कभी भूला नहीं जा सकता। आदी सर, तारक और हमारी शानदार टीम ने जो अद्भुत तैयार किया है, उसे लोगों के सामने लाने का इंतजार नहीं हो रहा। अपनी इस पोस्ट में कियारा ने ऋतिक और जूनियर एनटीआर को मेंशन भी किया है।

इससे पहले ऋतिक रोशन ने सोशल मीडिया पर फिल्म की शूटिंग पूरी होने पर केक काटते हुए एक फोटो शेयर की थी। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म से जुड़े अपने अनुभवों को साझा करते हुए एक खास नोट भी लिखा था। इसमें उन्होंने फिल्म के अपने को-एक्टर्स कियारा, जूनियर एनटीआर को भी मेंशन करते हुए उनके साथ काम करने के अपने अनुभवों को जाहिर किया था।

## 14 अगस्त को रिलीज होगी 'वॉर 2'

'वॉर 2' यशराज के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है और 2019 में आई फिल्म 'वॉर' का सीक्वल है। 'वॉर 2' में ऋतिक ने पहली फिल्म की तरह ही रॉ एजेंट कबीर की भूमिका निभाई है। फिल्म में जूनियर एनटीआर निगेटिव किरदार में नजर आएंगे, जबकि कियारा फीमेल लीड में दिखाई देंगी। अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।






# एक बार फिर साथ काम करेंगे इमरान हाशमी और हिमेश रेशमिया

हिमेश रेशमिया और इमरान हाशमी की जोड़ी ने बॉलीवुड को कई बेहतरीन गाने और थ्रिलर फिल्में दीं हैं। अब यह जोड़ी एक बार फिर गनमास्टर जी9 में साथ में काम करने को तैयार हैं। फिल्म के निर्माताओं ने बुधवार को इसका टीजर रिलीज किया है। इस खबर से फैंस उत्साहित हैं। फिल्म निर्माता दीपक मुकुट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि एक रहस्यमई हाथ एक दूध भरी बाल्टी से निकलता है। इस दौरान इमरान हाशमी कहते हैं। मुझसे मचमच किया तो चलेगा। गलती से परिवार को छुआ तो याद रखना। धंधे से दूध वाला हूं, बंदा बारूद वाला हूं।

## 2026 में रिलीज होगी फिल्म

इस वीडियो के कैप्शन में लिखा है दूध से बारूद तक, सब्जी से गुंडा तक, गोली से पीटने तक, गनमास्टर जी9 तबाही के लिए तैयार है। टीम घातक है। दीपक मुकुट, नर मुकुट, सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट, इमरान हाशमी, आदित्य दत्त और हिमेश रेशमिया को वापस लाकर खुश है। इनके साथ जेनेलिया देशमुख और अपारशक्ति खुराना हैं। गनमास्टर जी9 सिनेमाघरों में 2026 को आएगी।

## इमरान हाशमी और हिमेश ने साथ में किया काम

आपको बता दें कि हिमेश रेशमिया ने इमरान हाशमी की फिल्म आशिक बनाया आपने और अक्सर में काम किया है। हिमेश ने इमरान हाशमी के कई गानों को आवाज दी है जो हिट रहे हैं। इसमें झलक दिखला जा, आशिक बनाया आपने और आपकी कशिश जैसे गाने शामिल हैं।

## 18 साल बाद साथ काम करेंगे

2019 में रिलीज हुई इमरान की फिल्म द बॉडी में हिमेश का एक गाना था। वहीं 2007 में उन्होंने इमरान की फिल्म गुड बॉय बैड बॉय में बतौर म्यूजिक डायरेक्टर काम किया था। कह सकते हैं कि अब वे 18 साल बाद इमरान हाशमी की किसी फिल्म को म्यूजिक देंगे।





# एक्टिंग का पेशा काफी डिमांडिंग है, आपको इंडस्ट्री के हिसाब से काम करना पड़ेगा

शरद केलकर उन फेमस एक्टर्स में से हैं, जो फिल्मों, ओटीटी और छोटे पर्दे तीनों पर पसंद किए गए हैं। बाहुबली में प्रभास की आवाज बनकर शोहरत बटोरने वाले शरद ने एक बार फिर छोटे पर्दे का रुख किया है, नए सीरियल तुम से तुम तक से। उनसे एक खास बातचीत।

**एक समय था, जब आप हकलाया करते थे और वहां से लेकर आवाज की दुनिया का इतना बड़ा बनने का सफर कैसा था? इंडस्ट्री में आवाज के मामले में आप और अमिताभ बच्चन को ही मानक माना जाता है।**

शाहरुख खान की फिल्म का डायलॉग है न कि किसी चीज को आप शिद्दत से चाहो, तो सारी कायनात उसमें लग जाती है, मगर मेरे लिए तो ये मरता क्या न करता वाली हालत थी। मैं तो पढ़ाई -लिखाई करके अच्छी-खासी नौकरी कर रहा था कि मुझे एक्टिंग के कीड़े ने काटा और मैं यहां आ गया, पर जब मैं यहां आया, तो मेरी उम्र अच्छी-खासी 28 साल की थी। मैं अपना ग्लोरी पीरियड खो चुका था। मुझे किसी भी हाल में इस क्षेत्र में पैर जमाने थे। चूंकि मैं दिखता अच्छा था, तो मुझे काम तो मिलता था, मगर मेरा काफी मजाक उड़ता था।

**एक्ट्रेस कीर्ति से आपकी शादी को 20 साल हो गए, मगर एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री जिसे काजल की कोठरी कहा जाता है, उसमें आप दाग से बचे रहे, कभी आपका नाम किसी से नहीं जुड़ा?**

ये जो नजरिया है न, ये आज की तारीख में पूरी तरह से गलत है। आज की डेट में सबसे सफेद कोठरी यही है। मुझे अगर किसी अच्छे दोस्त के साथ कॉफी पीने भी जाना हो, तो दस बार सोचना पड़ता है कि वहां मुझे देखकर पैप्स या मीडिया क्या दिखा दे या छाप दे पता नहीं। तो आज हमारी इंडस्ट्री में आप ऐसा-वैसा कुछ नहीं कर सकते। आज जो दूसरी इंडस्ट्री में हो रहा है, उसका पांच पर्सेंट भी हमारे यहां नहीं हो रहा। आप चाहे मेडिकल जगत देखें या कॉर्पोरेट वर्ल्ड, रिश्तों का करप्शन वहां हमारी इंडस्ट्री की तुलना में कहीं ज्यादा है। मेरे बहुत दोस्त हैं, जो बताते रहते हैं कि उनके कार्यक्षेत्र में क्या-क्या हो रहा है? असल में आज लोग बहुत ही फ्रस्ट्रेटेड हैं। काम के घंटे बढ़ गए हैं। तनाव बहुत ज्यादा है। इस स्ट्रेसफुल लाइफ में डिवोर्स बढ़ रहे हैं। एक्स्ट्रामेरिटल अफेयर्स हो रहे हैं, मर्डर्स तक हो रहे हैं।

**आप एक ऐसे अदाकार हैं, जो एक ही समय में फिल्म, ओटीटी और टीवी पर काम कर रहे हैं, आप 8 घंटे की शिफ्ट के बारे में क्या सोचते हैं?**

आप जिस फील्ड में हैं, उसे आपने चुना है, तो आप हर जॉब के प्रोज और कॉन्स जानते हैं। आपसे किसी ने जबरदस्ती नहीं की है। हमारा पेशा काफी डिमांडिंग है, तो आपको टाइम देना पड़ेगा कि ये 7 दिन आ रहा है या 5 दिन। आपको पता है कि आप मुंबई जैसे शहर में हैं, जहां आपको शूटिंग में पहुंचने के लिए ट्रैफिक का सामना करना पड़ता है और टाइम लग जाता है। आपको अपनी इंडस्ट्री के हिसाब-किताब से काम करना पड़ेगा। एक बार आप किसी मुकाम पर पहुंच जाएं, तो फिर आप अपने काम का पैमाना सेट कर सकते हैं। मगर ये प्रोफेशन है डिमांडिंग ।इसमें आप शिकायत कैसे कर सकते हैं।

**फिल्मों और ओटीटी पर सक्रिय रहते हुए आपने लंबे समय बाद टीवी पर वापसी की। कोई खास वजह?**

मैं टीवी से गायब नहीं था। पिछला शो बैरी पिया (2010) था। मैं कमिटमेंट को लेकर बहुत सीरियस हूं और ओवर कमिटमेंट से बचता हूं। तभी किसी प्रोजेक्ट के लिए हां कहता हूं, जब उसे निभा सकूं। बैरी पिया के बाद टीवी के कई ऑफर थे, लेकिन फिल्में भी करनी थीं, इसलिए डेट्स को लेकर चुनना पड़ा। राजन शाही ने जब कुछ तो लोग कहेंगे ऑफर किया, तो वो हफ्ते में चार दिन आने वाला शो था। राजन जी तेज काम करते हैं और मैं भी। मैं उन एक्टर्स में से नहीं जो कॉस्ट्यूम बदलने में वक्त लें, मैं सेट पर ही कपड़े बदल लेता हूं। सोचता हूं, अगर बच्चन साहब ऐसा कर सकते हैं, तो मैं क्यों नहीं? टीवी पर मैंने सात फेरे, आदर्श दामाद, आदर्श बेटा, बैरी पिया जैसे रोल किए। एक वक्त के बाद उन्हीं जैसे किरदारों के ऑफर आने लगे। कुछ तो लोग कहेंगे में मच्योर लव स्टोरी की, फिर वैसे ही रोल आने लगे। एजेंट राघव किया तो पुलिस वाले रोल्स की भरमार हो गई। कोई लौट के आया में ब्लाइंड विलेन था, जिसे काफी सराहा गया।

**आपका शो एज गैप वाली लव स्टोरी पर आधारित है, मगर आज प्यार-मोहब्बत के मामले में सिचुएशनशिप, घोस्टिंग, ब्रेड्क्रबिंग जैसे टर्म्स आ गए हैं, क्या कहना चाहेंगे इस पर?**

अरे हां, मैंने तो पॉकेटिंग के बारे में भी सुना है। सिचुएशनशिप तो बहुत सुनता हूं। आखिरकार ये बला है क्या? मैं अभी इस लीग में आया नहीं हूं, क्योंकि मेरी बेटी अभी 10-11 साल की है। मैं पूछूंगा निहारिका (सीरियल की उनकी हीरोइन निहारिका चौकसे) से। अब मैं यही कहूंगा कि हमारे समय में टर्म्स नहीं थे, मगर ये चीजें तो तब भी थीं। डबल डेटिंग तो तब भी लोग करते ही थे। अब जहां तक प्यार की बात, तो इसे शब्दों में बयान कैसे करें, मगर इतना जरूर कह सकता हूं कि मेरे लिए प्यार का मतलब है खुशी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in